दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 51
कोटद्वार रविवार
11 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


# सेना में शामिल हुए 331 युवा सैन्य अफसर

**देहरादून।** देश की सरहदों की सुरक्षा और अमन कायम रखने के लिए 331 युवा सैन्य अफसर थल सेना को मिल गए। भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) देहरादून में शनिवार को हुई पासिंग आउट परेड में अंतिम पग पार कर यह सेना की अलग-अलग विंग में लेफ्टिनेंट बनें। आईएमए से इनकी कोर और पोस्टिंग स्थान तय करते हुए रवाना कर दिया गया। जहां वह आने वाले दिनों में ज्वाइनिंग देंगे। पासिंग आउट परेड के दौरान 373 कैडेट शामिल रहे। इनमें आठ मित्र राष्ट्रों के 42 विदेशी कैडेट भी पास आउट हुए। आईएमए में शनिवार सुबह 6:42 बजे मार्कर्स कॉल के साथ पीओपी की शुरुआत हुई। कंपनी सार्जेंट मेजर प्रीत कुंडू, तुषार ठाकुर, अमर परिहार, दिवेश झाझरा, शुभम शर्मा और आनंद ए ने ड्रिल स्क्वायर पर अपनी-अपनी जगह ली। सुबह 6:47 बजे एडवांस कॉल के साथ छाती ताने देश के भावी कर्णधार मित्र राष्ट्रों के कैडेटों संग असीम हिम्मत और हौसले के साथ कदम बढ़ाते हुए परेड के लिए पहुंचे। परेड कमांडर मिहिर बनर्जी ने ड्रिल स्क्वायर पर जगह ली। कैडेट्स ने शानदार मार्चपास्ट से दर्शक दीर्घा में बैठे हर शख्स को मंत्रमुग्ध किया। इधर, युवा सैन्य अधिकारी अंतिम पग भर रहे थे तो आसमान से हेलीकाप्टरों के जरिए उन पर पुष्प वर्षा हो रही थी। परेड के बाद आईएम के दक्षिणी मैदान में पीपिंग व ओथ सेरेमनी में भाग लेने के बाद सभी जेंटलमैन कैडेट सेना में अफसर बन गए है। पीपिंग सेरेमनी में युवा अफसरों को उनके परिजनों ने स्टार लगाए। यहां उन्होंने सेना में नौकरी के लिए पहला पग रिवाज को निभाया। इससे पहले सेना प्रमुख मनोज पांडे ने पासिंग आउट परेड की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने युवा अफसरों को भविष्य की चुनौतियों से अभिभूत कराते हुए उनमें जोश भरा।

**युवा अफसरों को भविष्य की चुनौतियों गिनाईं**

थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे शनिवार को आईएमए की पासिंग आउट परेड में बतौर रिव्यूइंग अफसर शामिल हुई। उन्होंने शानदार ड्रील के लिए सभी को बधाई दी। इसके बाद युद्ध की तेजी से बदलती चुनौतियों के लिए तैयार रहने को कहा। सेना में लेफ्टिनेंट बने अफसरों को कहा कि वे युद्ध के तेजी से बदलते स्वरूप से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए अपने कौशल को अपडेट करते रहें। तकनीकी के तेज विकास के कारण युद्ध की गतिशीलता तेजी से बदल रही है और युद्ध लड़ना अधिक जटिल हो गया है। ऐसे परिदृश्य में तकनीकी कौशल, मानसिक चपलता, महत्वपूर्ण मुद्दों पर सोचना और त्वरित प्रतिक्रिया सफलता की कुंजी होगी। युवा अफसरों से कहा कि वे अपनी योग्यता को लगातार बेहतर बनाते रहें। सेना प्रमुख ने कहा कि आपकी यात्रा सेना में शामिल होने के साथ समाप्त नहीं होती। यह आत्म-सुधार के प्रति प्रतिबद्धता की शुरुआत है। जनरल पांडे ने कहा कि सैनिक का पेशा सभी पेशों में सबसे अच्छा है। क्योंकि, यह वर्दी पहनने और निःस्वार्थ भक्ति के साथ अपनी मातृभूमि की सेवा करने का अवसर देता है। कैडेटों के माता-पिता का आभार व्यक्त करते उन्होंने कहा कि राष्ट्र आपके बहुमूल्य योगदान के लिए ऋणी रहेगा। विदेशी कैडेटों को भी प्रशिक्षण पूरा करने की उन्होंने बधाई दी। यह उम्मीद जताई कि वह अपने देश के प्रतिनिधि के रूप में इस जगह



और प्रशिक्षण की अच्छी यादों में संजोए रखेंगे। भारतीय सैन्य अकादमी में दिया गया प्रशिक्षण न केवल आपके पेशेवर और व्यक्तित्व और विकास की आधारशिला है। बल्कि, यह हमारे बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत भी करेगा। अपने आठ मिनट 47 सेकेंड के संबोधन में वह लगातार युद्ध की बदलती तकनीकी से अपग्रेड रहने पर जोर देते रहे। इस दौरान आईएमए के कमांडेट ले जनरल वीके मिश्रा, डिप्टी कमांडेंट मेजर जनरल आलोक जोशी सहित कई सेवारत व सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अतिम पग पार करते वक्त हेलीकाप्टरों से बरसाए फूल

भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) की पासिंग आउट परेड में जोश, जज्बा और उत्साह का समागम दिखा। जेंटलमैन कैडेट्स ने अंतिम पग पार करने से पहले चैटवुड बिल्डिंग के परेड मैदान में कदमताल की। अंतिम पग पार करने वक्त भावी अफसरों पर हेलीकाप्टर से फूल बरसाए गए।पासिंग आउट परेड सुबह छह बजकर 40 मिनट पर शुरू हुई। मार्कर कॉल के बाद कंपनी सार्जेंट मेजरों ने अपनी-अपनी जगह ली। छह बजकर 74 मिनट पर एडवांस कॉल के बाद सीना ताने भावी अफसर कदमताल करते हुए परेड मैदान में पहुंचे। आईएमए के निशान को सलामी दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने परेड की सलामी ली। निरीक्षण अधिकारी सेना प्रमुख मनोज पांडेय ने परेड का निरीक्षण किया। देशभक्ति गीत 'कदम-कदम बढ़ाए जा खुशी के गीत गाए जा और 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ता हमारा की धुन पर परेड शुरू हुई। अंतिम पग पार करते हुए हेलीकाप्टर के माध्यम से पुष्प बरसाए गए। इसके बाद पीपिंग सरेमनी हुई। यहां युवा अफसरों ने परिजनों से अपने कंधों पर सितारे सजवाकर पहला कदम पार किया, इसके बाद मैदान अफसरों ने खूब जोश और जज्बा दिखा। इस ऐतिहासिक पल को लेकर परिजनों में खूब उत्साहित दिखे। हर किसी ने अपने मोबाइल में फोटो खींचकर इसे यादगार बनाया।

## यूकेपीएससी के अध्यक्ष राकेश कुमार ने दिया इस्तीफा

**हरिद्वार :** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएससी) के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। डेढ़ साल में ही उन्होंने अपना इस्तीफा दे दिया है, जबकि कार्यकाल छः साल का था। इस्तीफे के पीछे पारिवारिक कारण बताया जा रहा है। इससे पहले भी वह आईएएस से वीआरएस ले चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने शनिवार को अपना इस्तीफा शासन को भेजा है। डॉ. राकेश कुमार उत्तराखंड कैडर के 1992 बैच के अधिकारी हैं। वह अविभाजित उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थ नगर और उत्तराखंड में पौड़ी, नैनीताल व देहरादून के जिलाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। 2020 में उन्होंने वीआरएस ले लिया। दिसंबर 2021 में उत्तराखंड सरकार ने उन्हें लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति प्रदान की है। मालूम हो कि प्रदेश में भर्तियों में धांधली और पेपर लीक के बाद यूकेएसएसएससी काफी चचाओं में भी आया था। इसके बाद सरकार ने भर्ती कराने की जिम्मेदारी यूकेपीएससी को दी थी। राकेश कुमार के नेतृत्व में आयोग ने इन भर्तियों को कराया।

## त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था में ब्लॉक प्रमुख महत्वपूर्ण कड़ी : धामी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में ब्लॉक प्रमुखों के साथ संवाद कार्यक्रम में कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था में ब्लॉक प्रमुख महत्वपूर्ण कड़ी है। सरकार की योजनाओं को अपने क्षेत्रों में आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी इन पर होती है। कहा कि ब्लॉक प्रमुखों के मानदेय में वृद्धि जल्दी की जायेगी। ब्लॉक प्रमुखों की निधि बढ़ाये जाने एवं अन्य मांगों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मांगों का आंकलन कर उचित निर्णय लिया जायेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। पिछले 09 वर्षों में समाज के हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को आगे बढ़ाया गया। गरीबों के जन-धन खाते खोलने के पीछे बड़ी सोच थी। आज विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थी को धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। डिजिटल ट्रांजेक्शन देश में तेजी से बढ़ा है। भारत दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन करने वाला देश है। कोरोना काल में गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू की गई, जिसका लाभ गरीबों को अभी




**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य सेवक सदन में संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।**

तक मिल रहा है। पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, हर घर नल, हर

### जल्द बढ़ेगा ब्लॉक प्रमुखों का मानदेय

घर जल एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आमजन हो राहत दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भी समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जा रही है। राज्य में कृषि, बागवानी, पर्यटन के क्षेत्र में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। नई पर्यटन नीति लाई गई है। होम स्टे को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। उत्तराखण्ड अटल आयुष्मान योजना के माध्यम से प्रत्येक परिवार को 05 लाख रूपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है। राज्य में अन्त्योदय कार्ड धारकों को साल में 03 सिलेण्डर मुफ्त दिये जा रहे हैं। यह सुविधा राज्य के 01 लाख 81 हजार गरीब परिवारों को दी जा रही है। एप्पल एवं कीवी मिशन पर तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। दालचीनी एवं तिमुर को भी मिशन के रूप में लिया गया है। इस अवसर पर भाजपा के संगठन महामंत्री अजेय कुमार, अपर सचिव पंचायती राज ओमकार सिंह, ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष दर्शन सिंह दानू, संरक्षक गोविन्द सिंह दानू एवं विभिन्न जनपदों से आये ब्लॉक प्रमुखगण उपस्थित थे।




# विधायक भूपाल राम टम्टा ने गिनाई केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां



चमोली : भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के 9 वर्षों का कार्यकाल पूर्ण होने पर थराली विधायक भूपाल राम टम्टा ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष का कार्यकाल बेमिसाल रहा जहां सबका साथ सबका विकास वाली सोच को लेकर आगे बढ़े वहीं अनुसूचित जाति के लोगों को भी मुख्य विकास धारा से जोड़ा गया। जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वभौमिक स्वच्छता कवरेज प्राप्त करने के लिए 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की गई वहीं भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 11.5 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए गए और 2014-15 से 2022-23 तक अनुसूचित जाति समाज के लिए 17987467 व्यक्तिगत घर में शौचालय का निर्माण करवाया गया वहीं 2016 में पीएम आवास योजना के तहत अनुसूचित जाति के लोगों को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई इस योजना से सीधे तौर पर लाभान्वित 1.61 करोड़ परिवार हैं भाजपा केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 26 नवंबर संविधान निर्माण की तिथि के दिन को संविधान दिवस घोषित किया गया है और पहली बार संविधान दिवस पर संसद में दो दिवसीय चर्चा की गई वहीं बाबा साहेब के जीवन से जुड़े सभी ऐतिहासिक स्थलों को केवल भूमि स्थल ना मानकर उनको तीर्थ स्थल का सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा भी संभव हुआ है ।

बाबासाहेब के जीवन से जुड़ी पांच महत्वपूर्ण स्थानों को भाजपा सरकार ने पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया गया है जिसमें मऊ में डॉक्टर अंबेडकर की जन्म भूमि लंदन में शिक्षा भूमि नागपुर में दीक्षा भूमि दिल्ली में महा परिनिर्वाण स्थल वहीं बेबी रानी मौर्य उत्तराखंड प्रदेश की राजयपाल जैसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने का कार्य किया नरेंद्र मोदी सरकार में 12 अनुसूचित जाति समाज के नेताओं को सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य हेतु केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया पहली बार अनुसूचित समाज में स्वतंत्रता सेनानियों को केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए। आजादी का अमृत महोत्सव के द्वारा मुख्यधारा में लाया गया है आज अनुसूचित जाति को इतिहास और पहचान से जोड़कर देखा और बताया जा रहा है वहीं भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 और 35 को समाप्त करके अनुसूचित जाति वर्ग के 70 वर्ष बाद सामाजिक न्याय और सम्मान देने का काम किया है ।

### आईटीबीपी अंतर सीमांत प्रतियोगिता में उत्तरी सीमांन ने पहला स्थान हासिल किया

देहरादून। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल अकादमी में आयोजित अंतर सीमांत कराते, रॉक क्लेबिंग एवं टेकिंग एंड नेविगेशन प्रतियोगिता में खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में उत्तरी सीमांत ने पहला, टेनिंग जोन ने दूसरा व पूर्वी सीमांत ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में सर्वोच्च खिलाड़ी का पुरस्कार उत्तरी सीमांत के अमित कुमार को दिया गया। चार दिवसीय अंतर सीमांत प्रतियोगिताओं में कराते, रॉक क्लेंबिंग, टेकिंग एंड नेविगेशन विद जीपीएस जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। अंतिम दिन भव्य मार्च पास्ट हुआ। इस मौके पर अकादमी के निदेशक व आईजी पीएस डंगवाल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में सभी सीमांतो एवं प्रशिक्षण क्षेत्र की टीमों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## तीन घंटे तक बिजली—पानी को तरसते रहे लोग

विकासनगर। बिजली की लाइनों में फॉल्ट आने के कारण शनिवार सुबह तीन घंटे तक विकासनगर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली गुल रही। उमस भरी गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति ठप होने से पानी की आपूर्ति भी ठप रही, जिससे लोगों को बिजली पानी के लिए करीब तीन घंटे तक तरसना पड़ा। ऐसे में 37 डिग्री तापमान के बीच बेहाल लोगों को गर्मी से राहत पाने के लिए न हवा मिली और नहीं पीने को पानी। विकासनगर में शनिवार को बाजार की साप्ताहिक बंदी रहती है, जबकि सरकारी विभागों में दूसरे शनिवार की छुट्टी। जिसके चलते व्यापारी से लेकर नौकरी पेशा लोग अवकास का मजा घर परिवार के साथ रहकर लेना चाहते हैं, लेकिन शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे ऊर्जा निगम की बिजली की लाइनों में फॉल्ट आने के चलते करीब तीन घंटे तक विकासनगर बाजार से लेकर आसपास के ग्रामीण इलाकों पश्चिमीवाला, भोजावाला, पृथ्वीपुर, खेडा, तेलपुर, मेहूवाला, अंबाडी,जीवनगढ़, लाइन जीवनगढ़, डॉक्टरगंज, नवाबगढ़, रसूलपुर, लक्ष्मणपुर, मारटंडेल, चिरंजीपुर, भीमावाला, बाबूगढ, केशरबाग, दिनकर विहार सहित आसपास के इलाकों में बिजली गुल रही। इस दौरान बिजली गुल रहने के साथ साथ पानी की आपूर्ति भी ठप रही। बिजली की आपूर्ति ठप हो जाने से 37 डिग्री तापमान के साथ उमस भरी गर्मी के मौसम में पंखे, कूलर आदि बंद पड गये। जिससे लोग गर्मी में बेहाल रहे। पीने को भी पानी नहीं मिल पाया। जिससे गर्मी के मौसम में लोग बिजली पानी के बिना मारे गर्मी के बिलबिलाते रहे। करीब साढ़े ग्यारह बजे लाइनों के फॉल्ट ठीक करने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारु हो पायी। जिससे लोगों को कुछ राहत मिली।

## बेरोजगारों ने की सीएम के इस्तीफे की मांग

देहरादून। बेरोजगारों ने लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डा. राकेश शर्मा के इस्तीफे को सही बताया। उन्होंने इसके बाद सीएम पुष्कर धामी के इस्तीफे की भी मांग की। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के बैनर तले बेरोजगारों ने शनिवार को गांधी पार्क के बाहर धरना दिया।

संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने कहा कि लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को काफी पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था। लेकिन उन्होंने देर में अपनी गलती मानते हुए इस्तीफा दिया। उनके इस्तीफे से साफ हो गया है कि आयोग की भर्तियों में घपले के जो आरोप लग रहे थे वो सही थे। ऐसे में अब सीएम पुष्कर धामी को भी नैतिकता दिखाते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। संघ के उपाध्यक्ष राम कंडवाल ने कहा कि बेरोजगार लंबे समय से लोक सेवा आयोग और यूकेएसएसएससी की भर्तियों में हुई धांधली की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार इसे टाल रही है। जो सरकार की मंशा दिखाती है। बेरोजगारों ने सभी भर्ती घपलों की सीबीआई जांच हाईकोर्ट के रिटायर जज की निगरानी में कराने की मांग उठायी। इस दौरान सुशील कैंथुरा, नितिन दत्त, सुरेश, लुसुन टोडरिया,ओम भट्ट और राकेश सहित कई बेरोजगार मौजूद रहे।

**धारा 144 के बावजूद पहुंचे गांधी पार्क**

बेरोजगारों का अपनी इन मांगों को लेकर एकता विहार सहस्त्रधारा रोड पर धरना पिछले 99 दिन से चल रहा है। शनिवार को धरने के सौ दिन पूरे होने पर बेरोजगारों ने गांधी पार्क में धरना दिया। लेकिन रविवार को वन आरक्षी की परीक्षा के कारण ज्यादातर बेरोजगार धरने में नहीं आ पाए। उधर इस सूचना के बाद प्रशासन ने गांधी पार्क के आसपास शनिवार सुबह ही धारा 144 लगा ली। जिस कारण बेरोजगारों को वहां बैठने से मना किया गया।

### निगम को हास्टल का पैसा लौटाएगा विन विभाग

देहरादून। वन विकास निगम के चंद्रबनी में बने ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण और अब तक देखरेख पर हुए खर्च का करोड़ों रुपया वन विभाग निगम को देगा। निगम और विभाग के बीच हास्टल को लेकर चल रहे विवाद हल निकालने के लिए ये प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। वन विकास निगम से 2015 में पांच कमरों के इस हॉस्टल का निर्माण डेढ़ करोड़ में करवाया था।

### जैव विविधता बचाने को रोपेंगे दस हजार से ज्यादा पौधे

देहरादून। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत एचसीएल फाउंडेशन आईएनटीएसीएच के साथ मिलकर राज्य में जैव विविधिता संरक्षण के लिए दस हजार से ज्यादा पौधे रोपेगा। इसके लिए तीनों संस्थाओं के बीच एमओयू हुआ है। जिस पर नेशनल गंगा मिशन के महानिदेशक जी अशोक,आईएनटीएसीएच के प्रधान निदेशक मनु भटनाकर और फाउंडेशन की ग्लोबल सीएसआर उपाध्यक्ष डॉ. निधि पुंडीर ने हस्ताक्षर किया। फाउंडेशन की ग्लोबल सीएसआर उपाध्यक्ष डॉ. निधि पुंडीर ने बताया कि अगले तीन साल में ये पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है।

## सीएम ने किया भागीरथी—2 चोटी का पर्वतारोहण कर लौटे एनडीआएफ पर्वतारोही दल का स्वागत

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में भागीरथी–2 चोटी का पर्वतारोहण कर लौटे एन.डी.आर.एफ के जवानों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने पर्वतारोही दल का ध्वज ग्रहण कर इस अभियान का विधिवत समापन किया।

मुख्यमंत्री ने एनडीआरएफ के सभी जवानों को इस कठिन अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान करने से आने वाली चुनौतियों का सामना करने में आसानी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पर्वतीय क्षेत्रों में जब भी रेस्क्यू ऑपरेशन की बात आती है तो सबसे पहले हमारी एस.डी.आर.एफ के साथ एन.डी.आर.एफ को याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। राज्य में एन.डी.आर.एफ ने समय–समय पर आई



प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सराहनीय कार्य किया है। देश के अलावा अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भी विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में एन.डी.आर.एफ द्वारा तेजी से राहत एवं बचाव के कार्य किये जाते हैं, हमारे इन जवानों की कार्यकुशलता सराहनीय है। महानिदेशक एन.डी.आर.एफ अतुल करवल ने कहा कि एनडीआरएफ के प्रथम पर्वतारोहण अभियान–2023 में अभियान दल द्वारा भागीरथी–2 का 30 मई 2023 को सफल आरोहण किया।

### एक नजर

#### जाखणीधार क्षेत्र की गुमशुदा युवती फरीदाबाद में मिली

नई टिहरी : नौकरी के साथ आगे की पढ़ाई के लिए अपनी छोटी बहन के साथ घर से निकली युवती को हिंडोलाखाल पुलिस टीम ने हरियाणा के फरीदाबाद से बरामद किया है। युवती के परिजनों ने बीते तीन जून को हिंडोलाखाल थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। हिंडोलाखाल थाना प्रभारी संजीव थपलियाल ने बताया कि बीते तीन जून को जाखणीधार क्षेत्र के गांव से एक युवती नाराज होकर अपनी छोटी बहन को लेकर अचानक घर से गायब हो गई। युवती के घरवाले की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण युवती को आगे पढ़ाने में वह सक्षम नहीं थे। युवती का नौकरी के साथ साथ आगे की पढ़ाई कर कुछ बनने का सपना था, घरवालों की मनाही से वह नाराज होकर तीन जून को युवती अपनी छोटी बहन के साथ घर से अचानक लापता हो गई । परिजनों और ग्रामीणों की काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने हिंडोलाखाल थाने में युवती और उसकी छोटी बहन के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस को सर्विलांस व अन्य साधनों से युवती की लोकेशन हरियाणा में मिली। चौकी प्रभारी अंजनीसैण धंनजय सिंह पुलिस और सिपाही नंदकिशोर युवती की तलाश में फरीदाबाद पहुंचे, जहां युवती और उसकी बहन को सकुशल बरामद कर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया।

#### आज से शुरू होगी होम्योपैथिक की टेलीमेडिसिन सेवा

चमोली : रियोल्स हेल्थ फाउंडेशन नई दिल्ली नारायणबगड़ में टेलीमेडिसिन सेवा की शुरुआत करने हेतु सेंटर स्थापित करेगा। रियोल्स हेल्थ फाउंडेशन नई दिल्ली के डॉक्टर नवल ने बताया कि रियाज हेल्थ फाउंडेशन देश के बड़े डॉक्टरों के साथ वैज्ञानिक रिसर्च करता है, और उसके आधार पर टेली मेडिसन के माध्यम से मरीजों का इलाज भी करता है। बताया कि इसी होम्योपैथी को लेकर जनपद चमोली के नारायणबगड़ में टेली मेडिसन केंद्र स्थापित किया जा रहा है।

## कांग्रेस ने हमेशा एसएसी को वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया : शाह




नई टिहरी : महा जनसंपर्क अभियान के तहत जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष व घनसाली विधायक शक्ति लाल ने कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों को हमेशा कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया। जबकि पीएम मोदी ने एससी वर्ग को मुख्य धारा में लाने का काम किया है। आज अनुसूचित जाति के लोगों का भाजपा सरकार में समान रूप से सबका साथ, सबका विकास की थीम पर विकास किया जा रहा है। जिसके लिए पूरा वर्ग भाजपा सरकार को धन्यवाद दे रहा है। विधायक शक्ति लाल शाह पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार जनता के कल्याण विकास के लिए तमाम योजनायें चला रही है। जिनमें कोई भेदभाव नहीं है। जिसका लाभ अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंच रहा है। चाहे ग्रामीण आवास योजना हो, अटल आयुष्मान योजना हो, गरीब कल्याण योजना हो, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि हो, हर घर नल–हर घर जल योजना हो, सभी योजनाओं को पीएम मोदी व सीएम धामी ने सबके लिए समान रूप से योजनाओं का लाभ दिया है। जिससे भाजपा की ईमानदारी व विकास जनता के बीच प्रमाणित हुआ है। जिसका परिणाम है कि उत्तराखंड में डब्बल इंजन सरकार ने वापसी की। कहा कि प्रदेश में धामी सरकार ने गांव–गांव को सड़क से जोड़ने काम तेजी से किया है, कि बीते विधानसभा चुनाव में गांव–गांव वोट मांगने गाड़ी से पहुंचे। जनता से भी भाजपा के विकास पर मोहर लगाते हुए टिहरी में 5 सीटों पर भारी विजयी भाजपा को दी। कहा कि आने वाला लोकसभा व निकाय चुनाव के लिए इसी तरह से काम करते हुए भाजपा के साथ अनुसूचित मोर्चा कदम से कदम मिलाते हुए काम करें। फिर से केंद्र में भाजपा की सरकार लाकर मोदी को पीएम बनाने का काम सुनिश्चित करना है। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत की साख बनी है। देश–दुनिया में भारत की बढ़ती अर्थ व्यवस्था का ढंका बज रहा है। पड़ोसी देश भारत के विकास को देखकर भौचक्के हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा को नेतृत्व दे रहे पीएम मोदी आज विश्व में नेतृत्व दे रहें हैं। जी 20 की सफलता पूर्व अध्यक्षता कर रहे भारत को मान बढ़ाने का काम पीएम मोदी ने किया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, भाजपा जिला महामंत्री उदय रावत व राजेंद्र जुयाल, विजय कठैत, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चे के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह कोहली, चतर सिंह, प्रेम लाल, आशा टम्टा, रोशन आर्य, देवेंद्र बेलवाल, शीशराम थपलियाल, मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली, पंकज बरवाण, असगर अली सहित दर्जनों मौजूद रहे। (एजेंसी)

### फसलों की एमएसपी में बढ़ोत्तरी से खुशहाल होगा किसान : पुंडीर

देहरादून। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र पुंडीर ने कहा कि दालों और खरीफ की फसलों की एमएसपी में हुई बढ़ोत्तरी का किसानों को सीधा लाभ होगा और इससे देश के किसान खुशहाल होंगे। शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी किसान मोर्चा अध्यक्ष जोगेंद्र पुंडीर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के हित में लगातार फैसले ले रहे हैं। सरकार के प्रयासों से ही देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में बीते 5 सालों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि होने जा रही है। उन्होंने इस दौरान नौ सालों में केंद्र सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र व किसानों के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कई दाल और फसलों की एमएसपी में की गई वृद्धि की जानकारी दी और कहा कि किसानों के हित में केंद्र सरकार कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन जैसी योजनाओं ने किसानों की आय दोगुना करने में मदद की है।

## वाइब्रेंट विलेज ही उत्तराखंड की धरोहर: कोश्यारी

विकासनगर। जौनसार बावर दौरे पर आए पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी शनिवार को फेडिज गांव पहुंचे, जहां उन्होंने बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति का निरीक्षण कर किसानों से संवाद किया। कहा कि गांवों का विकास जरूरी है। वाइब्रेंट विलेज उत्तराखंड की धरोहर हैं। पूर्व सीएम सहकारी समिति की अध्यक्ष डॉ. पूजा गौड़ और पद्मश्री प्रेमचंद शर्मा द्वारा कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कहा कि किसानों और खेती के विकास के लिए बड़े स्तर पर कार्य करने को प्रदेश सरकार से वार्ता की जाएगी। उन्होंने कहा कि गांवों को इस तरह विकसित किया जाना चाहिए, जो पूरे देश के लिए नजीर साबित हो। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में परंपरागत खेती के साथ ही बागवानी और नगदी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाना जरूरी है। ग्रामीणों को उनकी उपज आसानी से बाजार तक पहुंचाने की सुविधा होनी चाहिए। कहा कि बीते कुछ वर्षों से किसानों दशा में सुधार आया है, इसका मुख्य कारण सरकार का खेती की ओर ध्यान देना है। अब सरकार किसानों के हित के लिए कई योजनाएं चला रही है। इसके साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में भी खेती के लिए नवाचार किए जा रहे हैं। इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष श्री मेहर चंद गौड, भागचंद, रोशन लाल, बिशना, पदमचंद, अक्षय बरसंता, गोविंद राम लोकटा, संतराम आदि मौजूद रहे।

### सीपीएल फाउंडेशन ने किया बोर्ड मेधावियों को लैपटॉप देकर सम्मानित

देहरादून। सीपीएल फाउंडेशन की ओर से ब्लॉक सभागार में शनिवार को विभिन्न राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के उत्तराखंड बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 में दो टॉपर छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत, संस्था के डायरेक्टर रजनीश बत्रा व कोटी मयचक की प्रधान रेखा बहुगुणा ने इस दौरान 50 प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को लैपटाप दिए।

कार्यक्रम में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र पूजा रावत विनय मनोरी,तनुजा रावत ,सुहानी, आलिया अंजुम ,शकीरा ,प्रियंका पाठक मोहित रितिका सीमा अंशिका साक्षी ,सिमरन ,साक्षी,मनीषा आदि को सम्मानित किया गया। इस दौरान कमलेश तिवारी ,मनोज नौटियाल, शिक्षक नेता अजय राजपूत, मोहित उनियाल, आभा बड़थ्वाल,हेमा पुरोहित सहित कई लोग मौजूद रहे।

## वीकेंड पर चकराता के पर्यटक स्थल रहे गुलजार



विकासनगर। वीकेंड पर शनिवार को चकराता पर्यटकों से गुलजार रहा। बड़ी संख्या में पर्यटकों के चकराता पहुंचने से सुबह ही क्षेत्र के होटल पैक हो गए। देर शाम तक पर्यटक कमरों की तलाश में भटकते रहे। जहां पर्यटकों ने क्षेत्र के प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाया। वहीं पुलिस–प्रशासन की लापरवाही के चलते पर्यटकों को जाम की समस्या से जूझना पड़ा। सप्ताह के अंत में लगातार दो दिन की छुट्टी के चलते शुक्रवार से ही पर्यटकों ने चकराता पहुंचना शुरू कर दिया था। शुक्रवार शाम तक क्षेत्र के सभी होटल, रिजॉर्ट और होम स्टे फुल हो गए थे। देर रात तक कई पर्यटक कमरों की तलाश में भटकते नजर आए। वहीं शनिवार सुबह से भी बड़ी संख्या में पर्यटकों ने चकराता का रुख किया। सुबह चकराता पहुंचने के बाद पर्यटकों ने टाईगर फॉल, मोयला टॉप, लोखंडी कोटी कनासर, बैराटखाई, सनराइज सनसेट प्वाइंट, कोटी के समीप स्थित कोटी बैनाल, वाटर फाल पहुंच ठंडे पानी में नहाकर गर्मी दूर भगाई। यहां के प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाया पर्यटक यहां के सुंदर नजारों को अपने मोबाइल कैमरे में कैद करते नजर आये। कई युवक और युवतियां यहां की सुंदर वादियों में रील भी बनाते रहे। पर्यटकों ने बाजार के समीप स्थित स्वयम्भू चिंताहरण महादेव मंदिर व एमईएस लाइन स्थित प्राचीन गुरुद्वारे के दर्शन करने भी पहुंचे। चकराता पहुंचे पर्यटकों ने स्थानीय बाजार में लोकल उत्पादों की भी जमकर खरीदारी की। बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने से व्यापारियों, होटल व रेस्टोरेंट व्यवसायियों के चहरे खिले रहे। लोकल उत्पादों के व्यापारी संजय जैन, मनीष कुकरेजा, अमित अरोड़ा, अशोक गोयल, प्रताप चौहान, का कहना है कि पर्यटक सबसे ज्यादा यहां की राजमा को पसंद कर रहे है। साथ ही लोकल फल आडू, पुलम, खुमानी की भी जमकर बिक्री हो रही है।

## विधायक पुंडीर ने लोनिवि अधिकारियों संग ग्रामीणों की चौपाल लगाई



विकासनगर। सहसपुर के ठाकुरपुर में शनिवार को विधायक सहदेव पुंडीर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों साथ ग्रामीणों की चौपाल लगाई। चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं विधायक के सामने रखी, जिनका निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को मौके पर ही दिए गए। ग्रामीणों ने बताया कि मेहूवाला कलस्टर पेयजल योजना का कार्य गतिमान है। इन दिनों पेयजल निगम द्वारा क्षेत्र में पाइप लाइन संयोजन का कार्य किया गया है। पाइप लाइन डालने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत अभी तक नही हो पाई है, जिससे बरसात में आवागमन की समस्या पैदा हो जाएगी। विधायक ने लोनिवि अधिकारियों की लापरवाह कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पेयजल निगम की ओर से सड़क सुधारीकरण के लिए धनराशि लोनिवि को दे दी गई है। बावजूद इसके अधिकारी सड़क सुधारकीरण नहीं कर रहे हैं, जिसे सरकारी कार्य में शिथिलता मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कें बरसात के दौरान ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन जाएंगी, लिहाजा बरसात से पहले सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जानी जरूरी है। उन्होंने लोनिवि अधिकारियों को गांवों और कस्बों में जाकर सड़कों की स्थिति का धरातलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट विधायक कार्यालय में देने के निर्देश दिए।

### कैंट क्षेत्र में फड़ ठेली लगाने वालों का हो सत्यापन

देहरादून। कैंट युवा समिति की ओर से विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें कैंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष गुरुदत्त तिवारी ने कहा कि सैन्य इलाके के आसपास फड़ ठेली लगाने वालों का सत्यापन होना चाहिए। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम सिंह राणा ने कहा कि सत्यापन नहीं होने को लेकर चिंता जताई। लोगों ने स्थानीय विधायक से भी सरकार के आदेश का पालन करवाने की अपील की है। समिति के अध्यक्ष राजन बस्नेत ने कहा की सरकार के स्तर से जनता को सहयोग मिलना चाहिए।

## निरंकारी सतगुरु सुदीक्षा ने मसूरी में पैथॉलोजी लैब का उद्घाटन किया

देहरादून। लाइब्रेरी के समीप संत निरंकारी मिशन के चौरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में संचालित पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन निरंकारी माता सुदीक्षा महाराज ने किया। निरंकारी मिशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के अंतर्गत शहर में पैथोलॉजी लैब की शुरुआत की गई है। इसमें सभी प्रकार के टेस्ट न्यूनतम रेट पर किए जाएंगे, ताकि शहरवासियों एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोग लाभांवित हो सकें। लैब सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक खुली रहेगी। संचालन डा. प्रेम कुमार करेंगे। मसूरी जोन के जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह ने बताया कि इसके अलावा मसूरी क्षेत्र के अंतर्गत दो एंबुलेंस भी चलाई जा रही हैं। जो कि दूरस्थ इलाकों में जाकर मरीजों को आवश्यक अस्पताल तक पहुंचाया जा सके। एक शव वाहन भी उपलब्ध कराया गया है। मिशन की ओर से दो फ्री डिस्पेंसरी और दो सिलाई सेंटर चलाए जा रहे हैं।

## कांग्रेसियों ने फूंका पूर्व सीएम त्रिवेंद्र का पुतला

**पौड़ी** : पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताए जाने वाले बयान पर कांग्रेसियों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए विरोध दर्ज किया। कांग्रेसियों ने पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत के बयान की निंदा करते हुए उनका पुतला दहन किया। साथ ही सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

शनिवार को पुराने डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बलिया में प्रदेश के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत ने नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताया। कहा की भाजपा के वरिष्ठ नेता ने सीधे-सीधे महात्मा गांधी की शहादत का अपमान किया है। भाजपा को इस प्रकार की बयानबाजी करने वाले नेताओं पर लगाम लगानी चाहिए। उन्होंने इस प्रकार की बयानबाजी करने वाले नेताओं को इतिहास पढ़ने की नसीहत दी। कहा कि यदि इस प्रकार की बयानबाजी भाजपा नेताओं द्वारा की जाती है तो कांग्रेस विरोध दर्ज करते हुए आंदोलन करेगी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भरत सिंह रावत, उपेंद्र रावत, संजना गुजराल, अनीता रावत, गोपाल नेगी, युद्धवीर सिंह रावत, राहत हुसैन, मकान सिंह रावत, अमन सिद्धकी, मनमोहन सिंह, आयुष भंडारी, श्रीकांत आदि शामिल रहे।

# बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर भड़की कांग्रेस, किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर कांग्रेस का गुस्सा फूट पड़ा। कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए स्वस्थ व्यवस्थाओं में सुधार की

**कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने बेस चिकित्सालय कोटद्वार में किया प्रदर्शन**



कोटद्वार बेस अस्पताल में प्रदर्शन करते कांग्रेसी

मांग उठाई। कहा कि सरकार की अनदेखी के कारण राजकीय बेस चिकित्सालय रेफर सेंटर बन चुका है।

शनिवार को कांग्रेस ने बेस अस्पताल परिसर में पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी व नगर निगम महापौर हेमलता नेगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके उपरांत तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि वर्तमान में बेस अस्पताल रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। स्टाफ की कमी के कारण आम जन को अन्य अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ रही है। बेस अस्पताल में पहाड़ सहित मैदानी क्षेत्रों के लोग भी बड़ी संख्या में अपना इलाज कराने आते हैं, लेकिन अस्पताल में अव्यवस्था होने के कारण उन्हें परेशान होकर अन्यत्र अस्पताल जाना पड़ता है। मौके पर डाक्टरों के खाली पड़े 39 पदों व पैरा मेडिकल स्टाफ के खाली पड़े 84 पदों पर अविलंब नियुक्ति करने, आईसीयू का संचालन आरंभ करने, कोटद्वार में मेडिकल कालेज की शीघ्र स्थापना करने, लंबे समय से खराब पड़ी लिथोट्रिप्सी मशीन को दुरस्त करवाने, ब्लड सेपरेशन यूनिट स्थापित करने, हटाए गए अस्थायी रूप से नियुक्त 36 कार्मिकों को पुनः नियुक्ति देने और बेस अस्पताल को रेफरल सेंटर से मुक्ति दिलाने की मांग की गई। चेतावनी दी गई कि उक्त बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। तत्पश्चात तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया गया। प्रदर्शन करने वालों में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, ओम प्रकाश कोटला, गीता नेगी, सुनीता बिष्ट, अंकुश घिल्डियाल, महिला जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल, नीरज बहुगुणा, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. चंद्रमोहन खर्कवाल, शूरवीर खेतवाल, सुधा असवाल और प्रकाश लखेड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## देश के सभी कोनों में विकास की गंगा बह रही : कंडारी

**श्रीनगर गढ़वाल** : मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्रांर्गत रौड़धार जमणीखाल में भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी एवं बतौर मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास कुकरेती ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के सार्वभौमिक विकास के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। देश के सभी कोनो में विकास की गंगा बह रही है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने हजारों योजनाओं को चलाकर देश के अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाया है। मुख्य वक्ता विकास कुकरेती ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने बिना भेदभाव को हर किसी को योजनाओं का लाभ दिया है। उन्होंने वर्ष 2024 में एक बार फिर नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में संयोजक केदार बिष्ट, विकास मेहरा, शशि ध्यानी, प्रमोद पंवार, महादेव, आनंद सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मालवीय उद्यान में होगा योग शिविर



योग दिवस की तैयारियों को लेकर चर्चा करते सदस्य

**21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर की चर्चा**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत स्वाभिमान न्याय की ओर से मालवीय उद्यान में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शिविर को सफल बनाने के लिए योजनाएं तैयार की गई।

शनिवार को जीएमओयू सभागार में न्यास की बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यास के मंडल प्रभारी अमित सजवाण व जिला प्रभारी दिनेश जुयाल ने सदस्यों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जानकारी दी। कह कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मालवीय उद्यान में सुबह योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में अधिक से अधिक व्यक्ति पहुंचे इसके लिए एक अभियान भी चलाया जाएगा। 15 से 20 जून तक मालवीय उद्यान के साथ ही अन्य स्थानों पर निःशुल्क योग शिविर होंगे। वहीं, भारत स्वाभिमान न्यास की ओर से ग्रास्टनगंज में योग शिविर भी लगाया गया। शिविर में दिनेश जुयाल ने लोगों को योग के महत्व के बारे में बताया। साधकों को भस्तिका, अनुलोम विलोम, कपालभाति, उज्जाई, उदगीर भ्रामरी, प्राणायाम भी करवाया गया। इस मौके पर प्रवेश नवानी, मयंक कोठारी, ज्ञान सिंह बाल, चंद्रप्रकाश नैथानी, राजीव गौड़, जेपी ध्यानी, जितेंद्र काला, कमल थापा, विजय भाटिया, सरिता रावत, राखी नौटियाल, आशा रावत आदि मौजूद रहे।

# संगठन की मजबूती को युवाओं का जुड़ना जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारतीय जनता युवा मोर्चा ने संगठन की मजबूती के लिए अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया है। कहा कि युवा संगठन को बेहतर तरीके से मजबूत कर सकते हैं।

**भाजयुमो की ओर से आयोजित की गई बैठक**



आयोजित बैठक में युवाओं को सम्मानित करते पदाधिकारी

संगठन से अधिक से अधिक युवा जुड़े इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

शनिवार को भाजयुमो की ओर से नव मतदाता सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बिष्ट गढ़वाली ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अर्चित डाबर ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हमें अधिक से अधिक युवाओं को इससे जोड़ना होगा। एक युवा सोच ही बेहतर भारत का निर्माण कर सकती है।

कार्यक्रम के दौरान 18 वर्ष से अधिक 250 युवाओं को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शांतनु रावत, गिरीश भट्ट, शुभम सिमल्टी, शुभम रावत, हेमंत गौड़ आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग को भगाने का आरोपी चंडीगढ़ से गिरफ्तार

**श्रीनगर गढ़वाल** : कीर्तिनगर तहसील के अंतर्गत गत मई माह में नाबालिग बालिका को भगाने के आरोपी युवक को कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस ने चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है। कोतवाली निरीक्षक कीर्तिनगर कमल मोहन भंडारी ने बताया कि गत माह दो मई को एक व्यक्ति ने एक युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर कर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में राजस्व पुलिस ने आरोपी रविंद्र लाल (30) निवासी कपरोली के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त मामला राजस्व पुलिस से रेगुलर पुलिस को स्थानांतरित कर दिया गया था। पुलिस ने सीआईयू की मदद से आरोपी की लोकेशन ढूंढी और नौ जून को पुलिस टीम ने उसे नाबालिग के साथ चंडीगढ़ में पकड़ लिया। दोनों को पुलिस टीम कीर्तिनगर ले आई। गिरफ्तारी के बाद मामले में आरोपी के विरूद्ध अन्य धाराएं व पोक्सो एक्ट भी जोड़ा गया। टीम में एसआई सत्येंद्र भंडारी, महिला एसआई शाहिदा परवीन, हे.कां. देवेंद्र, दीपा, नजाकत अली शामिल रहे। (एजेंसी)

# छात्रों ने सीखें नृत्य के गुर



डांस प्रशिक्षक बबीता कुकरेती बच्चों को डांस सिखाते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कालेज में चल रहे समर कैंप में डांस वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने नृत्य कला के विभिन्न गुरू सीखे। डांस प्रशिक्षक बबीता कुकरेती ने छात्र-छात्राओं को नृत्य की अलग-अलग शैलियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं को फिल्मी गानों पर नृत्य भी करवाया गया। बबीता कुकरेती ने कहा कि छात्र-छात्रा डांसिंग के क्षेत्र में भी अपना कैरियर बना सकते हैं। कहा कि नृत्य कला जीवन की ऐसी कड़ी है जो मानव को सजीव कर देती है। इससे विद्यार्थियों का आत्म विश्वास बढ़ता है। उनको मंच पर प्रस्तुति देने में आसानी रहती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना चाहिए। कैंप संचालक व शिक्षक संतोष सिंह नेगी ने डांस प्रशिक्षक बबीता कुकरेती का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बच्चों के लिए अच्छा मौका है कि वे स्वयं को नृत्य कला के माध्यम से अभिव्यक्त कर सकते है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मुकेश रावत सहित विद्यालय का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत के बयान पर भड़के कांग्रेसी

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेसियों ने त्रिवेंद्र रावत के विरोध में जमकर नारेबाजी की। कहा कि त्रिवेंद्र रावत द्वारा की गई अनर्गल बयानबाजी से महात्मा गांधी का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने तत्काल इस मामले में रावत के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। गोला पार्क में आयोजित प्रदर्शन व पुतला दहन कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के नेता लगातार अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे देश को तोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। मौके पर पीसीसी वीरेंद्र सिंह नेगी, नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, पूर्व नगर अध्यक्ष भूपेंद्र पुंडीर, परवेज अहमद, भगत डागर, निशांत प्रताप कंडारी, संजय कुमार, विनोद मैठाणी आदि मौजूद रहे।

## भोजन माताओं ने मांगा समान कार्य के लिए समान वेतन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : सीटू से संबंद्ध भोजन माता कामगार यूनियन ने न्यूनतम वेतन 18 हजार करने, सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने, हटाई गई भोजन माताओं को वापस लगाने, पेंशन ईपीएफ काटने सहित समान कार्य के लिए समान वेतन देने की मांग की। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि विभिन्न मांगों को लेकर आगामी 28 जून को बेसिक शिक्षा अधिकारी पौड़ी कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कहा कि संगठन काफी समय से उक्त मांगों के समाधान की मांग कर रहा है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे भोजन माताओं में रोष व्याप्त है।

शनिवार को पुराने जिला पंचायत परिसर में आयोजित बैठक में संगठन की जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या जुयाल, प्रांतीय अध्यक्ष रोशनी बिष्ट ने कहा कि सरकार द्वारा भोजन माताओं को सबसे कम मानदेय दिया जा रहा है, जबकि खाना बनाने व बच्चों को खाना खिलाने तक उसे 5 घंटे लग जाते हैं इसलिए काम के आधार पर उसे मजदूरी दी जाए। बताया कि भोजन माता अन्य सरकारी और गैर सरकारी कार्य भी करती है। लिहाजा भोजन माताओं को अन्य सरकारी कर्मचारियों की भांति 12 महीने का मानदेय भी दिया जाना चाहिए। बताया कि सरकार द्वारा भोजन माताओं को 5000 वेतनमान दिए जाने की घोषणा की गई थी, लेकिन अभी तक उसके लिए जीओ जारी नहीं किया गया। कहा कि भोजन माता कामगार यूनियन आगामी 28 जून को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करेगी। चेतावनी दी कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर मंजू बेलवाल, नीमा देवी, भामा देवी, रविंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, सोहन सिंह, गीता देवी, कुसुम देवी, कांता देवी आदि मौजूद रही।

## ग्रीष्मोत्सव में लोक कलाकर इंदर और सौरव के गीतों पर झूमे दर्शक

पौड़ी : ग्रीष्मोत्सव की चौंथी संध्या संस्कार सांस्कृतिक समिति अल्मोड़ा के नाम रही। संस्कार सांस्कृतिक समिति अल्मोड़ा के कलाकारों ने गीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कलाकार इंदर आर्य ने अपने गीतों बोल हीरा बोल, तेरो लहंगा, मठु मठु हीट, दिल मा बसैली प्यारी, तेरी नथुली की डोर खुली जाली जैसे अपने गीतों से युवाओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। युवा गायक सौरव मैठाणी ने मेरी सपन्याली सयाली, हीरा समदणी, बौ सुरीला, तू रैदी मां आदि बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव स्तुति से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख पौड़ी मुकेश नेगी ने सफल आयोजन के लिए अयोजक मंडल की सराहना करते हुए कहा कि आयोजन के माध्यम से नगर के सांकृतिक परंपराओं को बढ़ावा मिलने के साथ ही कई प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिल रहा है जो कबीलेतारीफ है।

# पौड़ी पुलिस की कांवड़ मेले की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था व तैयारियां जोरों पर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी पुलिस की कांवड़ मेले की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था व तैयारियां जोरों पर है। एसएसपी श्वेता चौबे ने नीलकंठ पैदल मार्ग का निरीक्षण कर अधिनस्थों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि कांवड़ मेले को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने श्रावण मास कांवड़ मेले के दौरान श्री नीलकंठ मन्दिर पैदल मार्ग पर तत्काल अस्थाई चौकियों का निर्माण करने हेतु क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मणझूला को निर्देश दिये। साथ ही सात डिजिटल खोया-पाया केंद्र बनाने के आदेश दिए। इस दौरान एसएसपी ने पीपलकोटी, घट्टू घाट, रत्तापानी, फूलचट्टी एवं गरुड़ चट्टी का निरीक्षण करते हुए प्रभारी निरीक्षक को संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने को कहा।

**◆एसएसपी श्वेता चौबे ने किया नीलकंठ पैदल मार्ग का निरीक्षण**
**◆संदिग्ध व्यक्तियों पर रखे कड़ी नजर**

जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से शुरू होने वाले श्रावण मास कांवड़ मेले के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता श्वेता चौबे ने श्री नीलकंठ मन्दिर जाने वाले पैदल मार्ग, बैराज बाईपास तिराहा, मोनी बाबा तिराहा, मोनी बाबा आश्रम, धांधला पानी, पुण्डरासू रास्ते पर 12 किमी. पैदल चलकर निरीक्षण किया। तत्पश्चाात पैदल मार्ग की सुरक्षा व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। एसएसपी ने पैदल मार्ग पर स्थित मोनी बाबा तिराहा बाईपास धांधला पानी तक सेक्टर-1, धांधला पानी से पुण्डरासू तक सेक्टर-2, हनुमानगढ़ से दुकान नम्बर-50 तक सेक्टर-3 में विभाजित करने हेतु निर्देशित किया। कहा कि सेक्टर -3 में काफी भीड़ होने तथा दबाब बढ़ने के कारण भगदड़ होने के अधिक आसार रहते हैं, जिस



एसएसपी श्वेता चौबे नीलकंठ पैदल मार्ग का निरीक्षण करते हुए।

कारण पुण्डरासू के खाली मैदान में ही टिन सेड की व्यवस्था की जाए। उन्होंने पैदल मार्ग में क्षतिग्रस्त हुये मार्ग को सही कराने एवं पैदल मार्ग लम्बा होने के कारण पर्याप्त लाईट की व्यवस्था हेतु सम्बन्धित विभागों से पत्राचार कर समन्वय स्थापित करने हेतु प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मणझूला को निर्देशित किया।

एसएसपी ने कहा कि पुण्डरासू से पैदल मार्ग पर जंगली जानवरों का खतरा होने के कारण सुरक्षा के दृष्टिगत वन विभाग की टीम को नियुक्त करने एवं बरसात के कारण रास्ता खराब होने पर आपदा की स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीमों को नियुक्त किया जाय। उन्होंने श्री नीलकंठ मन्दिर पैदल मार्ग में मोनी बाबा आश्रम पर अतिरिक्त ड्यूटी एवं गार्द लगाने के निर्देश दिए।

## रामलीला मंचन शुरू

**श्रीनगर गढ़वाल** : विकासखंड खिर्सू के अंतर्गत ग्राम हरकंडी सुमाड़ी रामलीला कमेटी द्वारा आदर्श रामलीला का मंचन शुरू किया गया है। ग्राम हरकंडी में कुछ वर्षों के पश्चात जागरूक नवयुवकों ने पुनः इसे जीवित किया है। 10 जून से 19 जून तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। आयोजन में हरकंडी ग्राम रामलीला कमेटी के सुनील कुमार पंत, रमेश पंत, अनुज भट्ट, केशव जुगराण, रमाकांत कुकसाल, दुर्गेश चमोली, सुधीर जुगराण, मनोज भट्ट, संजय चमोली, नलिद कुमार भट्ट, जगदंबा पंत, जयबल्लभ चमोली, जय बल्लभ पंत, विकास पंत, रामभरोसे पंत, त्रिवेश पंत, नवीन पंत, अनिल पंत, कुलदीप, गनी लाल, मनीलाल आदि की ओर सहयोग दिया जा रहा है। (एजेंसी)

# प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में दी शिवाजी के बारे में जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बौद्धिक विभाग द्वारा छत्रपति शिवाजी के राज्यारोहण दिवस की स्मृति में पदमपुर स्थित ज्ञानवृक्ष स्कूल में प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान शिवाजी महाराज के जीवन के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आकाशवाणी पौड़ी केंद्र के पूर्व निदेशक चक्रधर कण्डवाल ने कहा कि जो परिस्थितियां शिवाजी महाराज के सत्तारोहण से पूर्व के समय में थी, वो बड़ी पीड़ादायक थी। कमोबेश आजादी के प्रारंभिक दौर में हुई गलतियों के कारण आज फिर से वही परिस्थितियां फिर से बनने लगी हैं। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने उस समय विदेशी आक्रांताओं से लोहा लिया जब उनका आतंक चरम पर था। शिवाजी की शासन व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मात्र छः वर्षों के शासनकाल में ही उन्होंने भारत में सुदृढ़ शासन व्यस्था की नींव रखी। उन्हें आधुनिक भारत के गुप्तचर व्यवस्था, छापामार युद्धनीति और नौसेना का जनक कहा जा सकता है। जिला बौद्धिक प्रमुख सतीश देवरानी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ वर्ष भर छः उत्सव मनाता है। हिन्दू साम्राज्य दिवस उनमे से एक है यह पर्व शिवाजी महाराज के राज्य रोहण के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। कार्यक्रम में बलबीर सिंह रावत, जिला संघ चालक विष्णु अग्रवाल, नगर कार्यवाह प्रशान्त कुकरेती, चन्दन नकोटी, राजेश जोशी, गबर सिंह, विपुल उनियाल, सोमप्रकाश कण्डवाल, मणिराम शर्मा, पंकज ध्यानी, डॉ. अमित जायसवाल और रोशन बलूनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# जनता द्वारा निर्वाचित माननीय जनता को कर रहे भ्रमितः बिट्टू कर्नाटक



अल्मोड़ा। सरकार के नुमाइंदों एवं महत्वपूर्ण पदों में बैठे जनता द्वारा निर्वाचित माननीयों द्वारा जनता को ये कह कर भ्रमित किया जा रहा है कि एनएच 87 का विस्तारीकरण नगर से न करके चोंसली–कोसी एवं पांडेखोला–शैल–चितई बाईपास बनाने का आदेश कर दिया गया है, यह बात उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने प्रेस को जारी एक बयान में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता एवं जनता द्वारा निर्वाचित कर महत्वपूर्ण पदों में बैठाए गए व्यक्ति बिना किसी जानकारी के मंचों से एवं एक न्यूज़ पोर्टल के माध्यम से यह वक्तव्य दे रहे हैं कि नेशनल हाईवे 87 का विस्तारीकरण चोंसली से कोसी एवं पांडे खोला शैल चितई बाईपास स्वीकृत कर दिया गया है। कुछ लोग राजनीति के उद्देश्य से लोगों को बहकाने का काम कर रहे हैं।कर्नाटक ने कहा कि उनके द्वारा विगत दस बारह वर्षों से लगातार ज्ञापन के माध्यम से, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी.पी.जोशी से व्यक्तिगत रूप से चार बार मिलकर वार्ता की गई है। उन्होंने कहा कि केवल केंद्रीय मंत्री गडकरी जी द्वारा ही उन्हें यह आश्वासन भी दिया है कि एनएच 87 का विस्तारीकरण नगर से नहीं किया जाएगा और इसे चोंसली से ही किया जाएगा। लेकिन इस संबंध में आज की तारीख तक न कोई शासनादेश निर्गत हुआ है और न ही अभी इसकी डीपीआर बनी है। उन्होंने कहा कि आज जनता को भ्रमित करना वाले नेता एवं माननीय ये बताए कि कितनी बार उन्होंने जनहित में इस राष्ट्रीय राजमार्ग को नगर से न आने देने के लिए अपने स्तर से प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि अगर शासनादेश रखने में असमर्थ हैं तो कम से कम इसकी डीपीआर जनता के समक्ष रखें ताकि जनता को भी यकीन हो पाए। उन्होंने कहा कि केवल कोरे बयान देकर कोई जनता को बेवकूफ नहीं बना सकता और न इस तरह के बयानों को प्रसारित करके कोई न्यूज पोर्टल अपनी छवि बना सकता है।

## तबादलों पर आपत्ति हो तो दर्ज कराएं

हल्द्वानी। शिक्षा विभाग ने कुमाऊं के 19 वरिष्ठ और कनिष्ठ सहायकों का तबादला किया है। प्रारम्भिक शिक्षा कुमाऊं के मंडलीय अपर निदेशक के कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार 8 वरिष्ठ सहायकों का अनिवार्य स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत सुगम से दुर्गम, 6 कनिष्ठ सहायकों का तबादला सुगम से दुर्गम और 5 कनिष्ठ सहायकों का अनुरोध के आधार पर तबादला किया गया है। मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह खाती और सचिव धीरेंद्र पाठक ने सभी जिला अध्यक्ष और सचिवों से कहा है कि एक्ट के तहत स्थानांतरण में किसी भी सदस्य को कोई आपत्ति है तो निर्धारित समय पर आपत्ति संबंधित अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करें।

# हर बूथ पर दस महिला कार्यकर्ता रहेंगी मौजूद

बागेश्वर। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रदेशभर का दौरा चल रहा है। भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म करने पर तुली हुई है। महिला कांग्रेस हर बूथ पर दस कार्यकर्ता तैनात करेगी। बागेश्वर उपचुनाव में कांग्रेस विजय पताका फहराएगी। इससे पूर्व पहली बार यहां पहुंचने पर उनका कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। स्थानीय होटल पर हुए कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष रौतेला ने कहा कि भाजपा देश में सामाजिक द्वेष बढ़ा रही है। धर्म और जाति के नाम पर लोगों को बांट रही है। बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाया जा रहा है। महिला उत्पीड़न की शिकायतें बढ़ती जा रही है। मोदी सरकार उत्पीड़न करने वालों को बचा रही है। पहलवानों के विरुद्ध सांसद ब्रजभूषण सिंह का बचाव करने में भाजपा की पूरी पार्टी लगी है। उन्हें सड़कों पर मारा जा रहा है। जिसे महिला कांग्रेस किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस में चल रही नाराजगी परिवार की है। परिवार में कई तरह के लोग होते हैं। कुछ न कुछ हमेशा चलता रहता है। जो भी नाराज हैं उनको मना कर ही वह यहां से वापस जाएंगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा उप चुनाव में महिला कांग्रेस मजबूती से खड़े होकर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गोपा धपोला, नंदी भंडारी, लक्ष्मी धर्मशक्तू, जानकी देवी, ममता मेहता, गंगा देवी, पुष्पा देवी, नीलम देवी, लोकमणि पाठक आदि उपस्थित थे।

# गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर संगठन अल्मोड़ा की मासिक बैठक में स्वास्थ्य सुविधा का उठा मुद्दा

अल्मोड़ा। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर संगठन जनपद शाखा की मासिक बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को नगर पालिका सभागार अल्मोड़ा में आयोजित की गई। बैठक में आज नए जुड़े सदस्यों मनोहर लाल, ईश्वर चन्द्र जोशी का स्वागत किया गया। महासचिव चन्द्र मणि भट्ट ने आज तक संगठन द्वारा किये गए कार्यों का विवरण सदन में रखा। उन्होंने कहा कि गोल्डन कार्ड के कारण सभी पेंशनर्स बहुत पीड़ित हैं। अध्यक्ष हेमचंद्र जोशी ने संगठन की वर्तमान स्थिति पर अपने विचार रखे। बैठक में सीनियर पेंशनर्स द्वारा मांग की गई कि पेंशनर्स को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाय, और कहा आज स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त न होने के कारण पेंशनर्स बहुत परेशान हैं। पेन्शन से बड़ी धनराशि की कटौती की गई है और अभी तक वापिस नहीं की गई है। बैठक में अलग–अलग संगठनों को एक मंच में आने की अपील की गई और कहा कि पेंशनर्स के अलग–अलग संगठन होना पेंशनर्स के हित में नहीं है। बैठक में आनन्द सिंह बगडवाल, किशोर चन्द्र जोशी, गिरीश चन्द्र जोशी, आनन्दबल्लभ लोहनी, गजेन्द्र सिंह नेगी, डॉ. जे सी दुर्गापाल, प्रताप सिंह सत्याल सहित कई पेंशनर्स उपस्थित थे।

## शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का 12 से धरना प्रदर्शन का ऐलान

अल्मोड़ा। एसएसजे के शिक्षणेत्तर कर्मचारी लंबे समय से मांग पूरी नहीं होने से आक्रोशित है। कर्मचारियों ने अब मांगों के निराकरण को लेकर 12 जून से धरना प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है। कर्मचारियों ने बताया अब 12 जून से कर्मचारी विवि के प्रशासनिक भवन प्रागंण में 11 से एक बजे तक दो घंटे धरना प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से कर्मचारी प्रतिमाह तीन तारीख को वेतन देने, चतुर्थ श्रेणी के लिए निर्माणाधीन आवासों का कार्य जल्द पूरा करने, प्रोन्नति का आदेश जारी करने, आवासीय भवनों को सही करने, संकाय में कार्यरत कार्मिकों को विवि के कार्मिकों के समान वेतन देने समेत 11 सूत्रीय मांग के निराकरण की मांग उठा रहे है।

## सिटी मजिस्ट्रेट ने किया पार्किंग कार्यों का निरीक्षण

हल्द्वानी। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने नैनीताल रोड पर जनता बैंक्वेट हॉल से तिकोनिया चौराहे तक बन रही पार्किंग के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में लगे डीडीए के अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बताया गया कि पार्किंग का निर्माण कार्य जुलाई अंत तक पूरा हो जाएगा। जिसके बाद पार्किंग को आम लोगों की सुविधा के लिए खोल दिया जाएगा। क्षेत्र में करीब 350 वाहनों को पार्क किया जा सकेगा। शनिवार को ठंडी सड़क पर नहर कवर कर बन रही पार्किंग के कार्यों का निरीक्षण करने पहुंची सिटी मजिस्ट्रेट ने डीडीए के इंजीनियरों से कार्य की जानकारी हासिल की।

# नव मतदाता सम्मेलन में भाजयुमो ने युवाओं से की राष्ट्र निर्माण में योगदान की अपील



अल्मोड़ा। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अल्मोड़ा द्वारा विधानसभा स्तर पर अल्मोड़ा में नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया। शनिवार को आयोजित सम्मलेन में लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने जा रहे युवाओं से पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों ने संवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने कहा कि विगत 9 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार और राज्य सरकार लगातार राष्ट्रहित में नित नए आयाम स्थापित किये हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने युवाओं से बढ़–चढ़कर लोकतंत्र के इस त्यौहार में भाग लेने की अपील भी की। भाजयुमो प्रदेश मंत्री और अल्मोड़ा के जिला प्रभारी रोहित ओझा ने युवाओं से एकजुट तथा संकल्पित होकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री और युवा मोर्चा प्रभारी महेश बिष्ट, भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, जिला महामंत्री भाजयुमो प्रकाश बिष्ट, हवालबाग मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह सलाल, भैंसियाछाना मंडल अध्यक्ष प्रकाश वाणी सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

# समस्याओं को लेकर वीरागंना महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने की अधिकारियों से की इंटरफेस वार्ता



बागेश्वर। गरुड़ में वीरागंना महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने जिले की समस्याओं को लेकर अधिकारियों से इंटरफेस वार्ता की। उन्होंने गरुड़, बागेश्वर और कपकोट विकासखंड की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। द हंगर प्रोजेक्ट के तहत वीरागंना महिला पंचायत प्रतिनिधि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ पहुंचे। प्रभारी चिकित्साधिकारी से वार्ता की। कहा कि जनता को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केंद्र खोला गया है, यहां पर सस्ती दवाइयों के नाम पर ब्रांडेड दवाइयां बेची जा रही हैं। गरुड़ और कपकोट में लंपी बीमारी से गोवंशीय पशु पस्त हैं। पशुचिकित्साधिकारी से वार्ता कर शिविर लगाने की मांग की। गरुड़ बाजार में कूड़ा निस्तारण करने की मांग नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी से की। शौचालयों का निर्माण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिला पूर्ति अधिकारी को बताया कि राशन व्यवस्था कुछ गांवों में ठीक नहीं है।

# युवा वर्ग भाजपा की सबसे बड़ी ताकत

बागेश्वर। भाजपा युवा मोर्चा का नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर नव मातदाताओं का स्वागत करते हुए उनको मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि मोदी सराकर के नौ साल के कार्यकाल में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का सीना चौड़ा है।

मंडलसेरा स्थित पार्टी कार्यालय में मुख्य व्यक्ता कुंदन परिहार और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि युवा वर्ग ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल में भारत लगातार विकास कर रहा है। उनकी इस विकास की यात्रा को युवा वर्ग तक पहुंचाने के साथ–साथ उन्हें उनकी भूमिका को लेकर बताया जा रहा है। देश में 30 मई से 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान चल रहा है। इस दौरान मोदी के कार्यों को जन–जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा की देश को विकास की राह लगातार बनी रहे, इसमें युवा वर्ग की बड़ी भागीदारी है। युवा वर्ग मजबूती से अपने मत का प्रयोग करते हुए देश के विकास में अहम भागीदारी निभाने को कहा।

## मोदी सरकार में सबसे ज्यादा लाभ एससी समाज को मिलाः आर्य

काशीपुर। अनुसूचित मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री दिनेश आर्य ने कहा मोदी सरकार के नौ साल में सबसे ज्यादा लाभ एससी जाति के लोगों को मिला है। उन्होंने कहा आयुष्मान योजना, स्वच्छता अभियान, पीएम आवास योजना जैसी विभिन्न योजनाओं से अनुसूचित जाति के लोग लाभान्वित हुए हैं। मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा जगह–जगह कार्यक्रम कर रही है। शनिवार को भाजपा कार्यालय पर पहुंचे आर्य ने कहा केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम सहित सभी धार्मिक स्थलों का सौंदर्यकरण हुआ है। सड़कें बन रही हैं। उन्होंने मोर्चा के कार्यकर्ताओं से घर–घर जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी देने को कहा है। इससे पहले पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल ने कहा विधानसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या बाजपुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र के बराबर है। आगामी चुनावों में एससी समाज की भागीदारी ज्यादा महत्वपूर्ण होगी। कार्यकर्ताओं ने आर्य को प्रतीक चिह्न एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया। यहां अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, हुकुम सिंह, कमल चौहान, डॉ. सुदेश कुमार, राजकुमार चौहान, तरुण गहलौत, भगवानदास गौतम, अभिषेक आर्य, दयाराम, सतीश फौजी, प्रशांत आंबेडकर रहे ।

# वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा की नींवः त्यागी

रुद्रपुर। भारतीय जानता पार्टी का वरिष्ठ कार्यकर्त्ता सम्मेलन महाजनसंपर्क अभियान का शनिवार को समापन हो गया। इस दौरान मुख्य अतिथि मेरठ के एमएलसी अश्वनी त्यागी रहे। त्यागी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता पार्टी की नींव हैं। इनकी बदौलत ही आज पार्टी संगठन मजबूती से खड़ा है। पुराने कार्यकर्ताओं के सपनों और विचारधारा को आज केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार आगे बढ़ा रही है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सतीश गोयल ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के तीनों मंडलों के वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, कार्यक्रम के जिला संयोजक हिमांशु बिष्ट, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, संयोजक रामबाबू अग्रवाल, विमला मुडेला, संजीव बत्रा, वरुण अग्रवाल, गोपाल राना, भैरव दत्त पांडेय, सावित्री कन्याल, गोविंद टम्टा, नीलू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## द हंस फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

रुद्रपुर। अलख देवी गांव में द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने स्वास्थ्य शिविर लगाया।

इसमें लगभग 80 मरीज देखे गए और लोगों को संचारी व गैर संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया गया।

## कांस्टेबल की संदिग्ध हालात में मौत

रुद्रपुर। छतरपुर स्थित स्वीमिंग पूल गए पुलिस लाइन में तैनात एक कांस्टेबल की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस लाइन में तैनात छतरपुर निवासी 28 वर्षीय धीरज भंडारी शनिवार दोपहर छतरपुर स्थित एक स्वीमिंग पूल में गया था। इस दौरान वह अचानक बेहोश हो गया। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचित किया। साथ ही शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## यूनियन बैंक के कैंप में ऋण स्वीकृति पत्र बांटे

रुद्रपुर। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट पावर के तहत मेगा आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रमोद कुमार गुप्ता ने किया। कैंप में ग्राहकों को लगभग 85 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र और पीएम स्वनिधि के तहत क्यूआर कोड का वितरण क्षेत्र प्रमुख हल्द्वानी गौरव कुमार ने किया। साथ ही ग्राहकों से डिजिटल उत्पादों का प्रयोग अधिक से अधिक करने का आग्रह किया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। इस दौरान सितारगंज शाखा को गोल्ड ऋण वितरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत का फूंका पुतला



अल्मोड़ा। कांग्रेस पार्टी की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई। जुलाई में विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा त्रिवेंद्र सिंह रावत का क्रांतिवीर चौराहे पर पुतला फूंका।

शनिवार स्थानीय होटल में हुई कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन की मजबूती के साथ कर्नाटक चुनाव जीत की खुशी जाहिर कर जन–जन तक पहुंचने का प्रण लिया।

कहा प्रदेश में कांग्रेस पद्धति के साथ खड़ी है, प्रदेश के भीतर महंगाई, बेरोजगारी, पलायन के मुद्दे पर भी कार्यकर्ता जमकर बोले। कहा प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभाने के साथ संगठन की मजबूती के लिए हर घर तक दस्तक देगा। इसके लिए संगठन पूरी तन्मयता के साथ खड़ा रहेगा। साथ ही क्रांतिवीर चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष नारायण सिंह रावत के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री के गोडसे को देशभक्त बताने वाले बयान को निंदनीय बताया और पूर्व सीएम त्रिवेंद्र का पुतला फूंका।

ये रहे मौजूद

जिला अध्यक्ष नारायण सिंह रावत, ब्लॉक अध्यक्ष जीवन सिंह नेगी, पीसीसी सदस्य महेश लाल वर्मा, पूर्व दर्जा मंत्री कुबेर सिंह कठायत, ब्लॉक प्रमुख किरण बिष्ट, भगवत सिंह रावत, प्रधान ज्योति, सुनिता गोस्वामी, खष्टी अधिकारी, हेमा कठायत, अरविंद बिष्ट, प्रकाश रावत, दरबान बिष्ट, पूर्व प्रमुख नंदन सिंह संगेला, कैलाश गिरी आदि मौजूद रहे।

# 66वें राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूदः अलीशा मनराल ने जीता दिल्ली में रजत पदक



बागेश्वर। 66वें राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में बागेश्वर की बेटी ने अपना लोहा मनवाया है। उसने रजत पदक जीता है। प्रतियोगिता दिल्ली में 6 से 12 जून तक आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता में जनपद बागेश्वर की अलीशा मनराल ने अंडर 19 और 44 किलो वेट कैटेगरी में रजत पदक हासिल कर जनपद और प्रदेश का नाम रोशन किया है। अलीशा विवेकानंद विद्या मंदिर में कक्षा 10 में अध्यनरत हैं, अलीशा गोकुल खेतवाल और जगदीश जोशी के प्रशिक्षण ले रही है। इनके अच्छे प्रदर्शन पर टीम प्रभारी ललित नेगी, गोकुल खेतवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष बंसती देव, विधायक सुरेश गड़यिा, नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, दरवान सिंह परिहार, हरीश ऐठानी, ललित फर्सवाण, अनिल कार्की , आशीष धपोला, गौरव दास आदि ने खुशी जताई है।

## एनएचएम कर्मियों ने वेतन वृद्धि समेत कई मांगें उठाई

रुद्रपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संगठन ब्लॉक इकाई खटीमा के कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर नागरिक चिकित्सालय खटीमा के कार्यकारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीपी सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें ऊधमसिंह नगर में एनएचएम के तहत कार्यरत कार्मिकों को वित्तीय वर्ष 2021–22 और 2022–23 की लंबित वार्षिक वेतन वृद्धि और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की लंबित प्रोत्साहन राशि देने की मांग की गई। वहीं वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुबंध विस्तारीकरण, आउटसोर्स कंपनी से नियुक्त किए गए कर्मियों को अग्रिम तीन माह के विस्तारीकरण के बाद ज़िला स्वास्थ्य समिति के तहत समायोजित करने की मांग की। इस दौरान डॉ. देशदीपक गौड़, श्रवण सिंह, पंकज कुमार, पारुल चंद्रा, कविता बिष्ट आदि रहे।

# आशाओं ने एक जुलाई से हड़ताल का ऐलान किया

काशीपुर। आशाओं को पिछले आठ माह से वेतन नहीं मिला है। तीस जून तक वेतन न मिलने पर आशाएं एक जुलाई से हड़ताल पर बैठेंगी। उन्होंने इस बाबत एक ज्ञापन स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक को भी सौंपा। शनिवार को चिकित्सा अधीक्षक एचके शर्मा को दिए ज्ञापन में आशाओं ने कहा अक्तूबर 2022 से अब तक उनका मानदेय नहीं मिला है। मीटिंग एवं प्रशिक्षण की धनराशि भी उनके खाते में नहीं आई है। जबकि आशाएं विभाग के सभी कार्यों को कर रही हैं। बावजूद इसके उन्हें सस्पेंड करने और नौकरी से निकालने की चेतावनी दी जाती है। मानदेय की रकम न मिलने से उन्हें आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने चेताया कि 30 जून तक उनके खाते में पैसा नहीं आया तो जिलेभर की आशाएं एक जुलाई से हड़ताल पर जाएंगी। यहां रूपा देवी, मधुबाला वर्मा, सुधा गोस्वामी, अनीता, मुमताज, भावना, माया, राधा, रेखा, राधा, रूपाली, पूनम, रचना, सोना देवी, मिथलेश देवी रहीं।

## अधिकारियों को चकमा देकर दौड़ा दिया डंपर

काशीपुर। चेकिंग के दौरान खनन से भरे डंपर को चालक ने दौड़ा दिया। एसडीएम तथा खनन उपनिदेशक ने चालक को पकड़कर वाहन कब्जे में ले लिया है। आरोप है डंपर चालक ने सरकारी वाहन पर टक्कर मारने का भी प्रयास किया। शनिवार को एसडीएम राकेश तिवारी और खनन उप निदेशक दिनेश कुमार ने राजस्व व खनन विभाग की टीम के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 74 में छोई रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सामने से आ रहे वाहन को एसडीएम ने रोकने का प्रयास किया तो चालक डंपर को लेकर भागने लगा। एसडीएम ने खनन व राजस्व विभाग की टीम के साथ डंपर का पीछा किया तो चालक ने एसडीएम के सरकारी वाहन को टक्कर मारने का प्रयास किया। टीम ने खनन सामग्री लदे डंपर को पकड़कर सीज कर दिया है।

# मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी में किया 34710.19 लाख की 110 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राजकीय कीर्ति इंटर कॉलेज, उत्तरकाशी में आयोजित "मुख्य सेवक आपके द्वार" कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 34710.19 लाख की 110 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 13699.01 लाख की 54 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं 21011.18 लाख की 56 विकास योजनाओं का शिलान्यास शामिल रहा।





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी के विकास हेतु विकासखंड मोरी के मोरी मौताड़ मोटर मार्ग के बागी पुल से आराकोट तक जिला मार्ग का नवनिर्माण, विकासखंड मोरी के जखोल से धारा गांव के लिए मोटर मार्ग का नव निर्माण किए जाने, विकासखंड नौगांव के कुवा अनु० जाति बाहुल्य गांव को जोड़ने हेतु मोटर मार्ग का विस्तार एवं सुदृढीकरण कार्य, तलोथ पुल से लक्षेश्वर तक, तामाखाणी से तिलोथ पुल तक आस्था पथ का निर्माण किए जाने, पटूड़ी धनारी को सेम मुखेम मोटर मार्ग से जोड़ना, ज्ञानसु उपरी कोट मोटर मार्ग से स्थानाचट्टी तक मोटर मार्ग एवं मल्ला, बेलक त्रिजुगीनारायण मोटर मार्ग का निर्माण किए, चिन्यालीसौड़ में राजीव नवोदय विद्यालय के लिए भवन स्वीकृत किए जाने एवं रा.इ.का मनेरी का नाम गत वर्ष दिवंगत पर्वतारोही सविता कन्सवाल के नाम पर रखे जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने यमुनोत्री धाम के समीप खरसाली से मालाथाच ट्रैक मार्ग हनुमान चट्टी से गुलाबीकांठा ट्रैक मार्ग, राना चट्टी 1 से घिनाडा ट्रैक मार्ग एवं बनास तप्त ऋषि कुण्ड व प्राकृतिक झरने व स्थलों को पर्यटकों हेतु विकसित करने, बड़कोट एवं चिन्यालीसौड़ में ईको पार्क की, चारधाम यात्रा को दृष्टिगत रखकर जनपद उत्तरकाशी में मुख्य बाजार से लीसा डिपो तक वाहन पार्किंग निर्माण एवं उत्तरकाशी शहर में अन्य पॉकेट पार्किंग के निर्माण कार्य, सरनौल से सोत्तरी बुग्याल सरुताल को पर्यटक सर्किट के रूप में आगे प्रस्तावित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरकाशी क्षेत्र के लिए हो रही 110 विकास योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास से जिले में विकास का नया अध्याय शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा इन लोकार्पण एवं शिलान्यास से जिले में सड़क मार्ग, स्वास्थ्य सुविधाएं, विकास खंड कार्यालयों व स्कूलों को अनावासीय भवन, स्कूलों में पुस्तकालय, शौचालय एवं प्रयोगशाला की सुविधाएं तथा खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल एवं पर्यटकों व स्थानीय जनता हेतु पार्किंग की सुविधा प्राप्त होगी एवं मूलभूत सुविधाओं का विस्तार एवं विकास होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के हित में देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून उत्तराखंड में लागू किया है। हमारी सरकार वायदानुसार प्रदेश में जल्द ही समान नागरिक संहिता लागू करेगी। उन्होंने कहा जबरन या प्रलोभन से धर्म परिवर्तन पर रोक हेतु सरकार ने उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) विधेयक पारित किया है। हमारी सरकार अन्त्योदय की भावना के अनुरूप विकास पर कार्य कर रही है। अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने एवं उसका विकास सरकार की प्रथमिकता है। राज्य सरकार उत्तराखंड राज्य को वर्ष 2025 तक हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। यमुनोत्री के विधायक संजय डोभाल, पुरोल के विधायक दुर्गेश्वर लाल और गंगोत्री के विधायक सुरेश चौहान ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि श्री धामी के कुशल और सफल नेतृत्व में प्रदेश में विकास के संकल्पों को पूरा करने का काम कर रहा है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राणा, पूर्व विधायक राजकुमार, केदार सिंह रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता सूरतराम नौटियाल, स्वराज विद्वान, मनवीर चौहान, राम सुन्दर नौटियाल, केशर सिंह रावत एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

**सीएम ने लाभार्थियों को बांटे चेक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 6 प्रतिभाशाली छात्रों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सम्मान राशि का चेक वितरित किये, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को अनुदान राशि एवं आवास की चाबी भेंट की। साथ ही डेयरी विकास, मत्स्य पालन, सहकारिता, उद्यान आदि विभागों की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के कुल 63 लाभार्थियों को चेक वितरित किए। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनो को व्हीलचेयर के साथ ही 16 लाभार्थियों को आपदा राहत किट, कृषि एवं बागवानी से संबंधित उपकरण वितरित किए।

# विधायक ने गिनवाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : भाजपा के जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक ने केंद्र सरकार की उपलब्धि गिनवाईं। कहा कि 2024 में भी केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पूरे विश्व में अपना नाम ऊंचा किया है। साथ ही सरकार ने जनहित में अनेक योजना चला कर गरीब मजदूर को आगे बढ़ने का मौका दिया है। देश में सड़कों का निर्माण कराया है। हर गरीब के घर में शौचालय बनवाए जा रहे हैं। उज्ज्वला के तहत गरीब के घर-घर गैस पहुंचायी जा रही है।

शनिवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्य वक्ता विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने 9 साल के कार्यकाल में कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। केंद्र सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाएं चला रही है। केंद्र सरकार बिना भेदभाव के काम कर रही है। केंद्र सरकार ने जनधन, मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत, अटल आवास योजना चलाते हुए हर वर्ग का ध्यान रखा है। कहा कि विभिन्न योजनाओं में ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाकर पारदर्शी काम किया जा रहा है। प्रदेश में हर घर जल, हर घर नल, रेल परियोजना, ऑल वेदर रोड से लोगो को लाभ मिलेगा। इस मौके पर मोर्चों के जिलाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद टम्टा ने बताया कि पूरे देश में केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। गौरव कुमार, विनोद जोशी, गणेश, प्रमोद रावत, बिमल बहुगुणा, काजल, सिद्धि देवी, देवेश्वरी जिला महामंत्री भक्ति शाह आदि थे।

# अनुसूचित मोर्चा के हित में काम कर रही केंद्र व प्रदेश सरकार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : अनुसूचित मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व राज्यमत्री भगवत प्रसाद मकवाना ने कहा कि सरकार अनुसूचित जाति के व्यक्ति के हित को लेकर कार्य कर रही है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए हमें एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस दौरान उन्होंने अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की समस्याओं को सुनते हुए जल्द उनके निराकरण का आश्वासन भी दिया। शनिवार को कोटद्वार पहुंचे अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना का कार्यकर्त्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्त्ताओं की बैठक लेते हुए मकवाना ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि वंचित शोषित व अनुसूचित जनजाति के हित में सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। सरकार ने गरीबों के लिए उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना सहित कई अन्य कल्याणकारी योजनाएं चलाई। भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर से जुड़े पंच तीर्थ विकसित किए जा रहे हैं। बाबा साहेब की स्मृति में डक टिकट व सिक्के जारी जारी किए जा रहे हैं। अनुसूचित बच्चों की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति योजना भी चलाई जा रही है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश का विकास हो रहा है। आमजन को मूलसुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। कोटद्वार के विकास में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण भी अपना पूरा योगदान दे रही हैं।

# सेना में अफसर बना अश्मिक गौड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार नगर निगर निगर क्षेत्र के अंतर्गत जौनपुर कालीदास मार्ग गणपति भवन निवासी अश्मिक गौड़ सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। बेटे की सफलता पर उनके माता-पिता व रिश्तेदारों ने खुशी व्यक्ति की है।

आईएमए देहरादून में शनिवार को आयोजित हुई पासिंग आउट परेड में अश्मिक गौड़ को यह जिम्मेदारी दी गई। 2001 में जन्मे अश्मिक गौड़ मूल रूप से अजमीर पट्टी ग्राम सिमलना बिचला के रहने वाले हैं। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल गाड़ीघाट से ली। इसके बाद हाईस्कूल से इंटर तक की शिक्षा उन्होंने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल नैनीताल से ली। अश्मिक के पिता यतेंद्र प्रसाद गौड़ जूनियर हाईस्कूल लालढांग में प्रधानाध्यापक पद पर हैं। जबकि, माता रेखा गौड़ ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल गाड़ीघाट की प्रधानाचार्य हैं। अश्मिक का बड़ा भाई ऋतिक गौड़ फ्लाइट लेफ्टिनेंट (इंडियन एअर फोर्स) में है। वर्ष 2018 में अश्मिक का चयन नेशनल डिफेंस एकेडमी में हुआ था।



अपने माता-पिता के साथ अश्मिक गौड़

# विधायक किशोर ने किया जिला अस्पताल बौराड़ी का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नई टिहरी : पीपीपी मोड से हटने के बाद जिला अस्पताल बौराड़ी का टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने वार्डों में जाकर मरीजों से मुलाकात व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।



अभी तक अस्पताल में पर्याप्त डाक्टर व स्टाफ न होने पर विधायक ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों को दूरभाष पर बात कर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। बीती 8 जून को हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट के साथ पीपीपी मोड का अनुबंध समाप्त होने के बाद जिला अस्पताल बौराड़ी पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में आ गया है। लेकिन पीपीपी मोड से हटने के दो दिन बाद भी जिला अस्पताल में पर्याप्त डाक्टर व स्टाफ तैनात नहीं हो पाये हैं। जिसे लेकर विधायक किशोर उपाध्याय ने खासी नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि जब स्वास्थ्य अधिकारियों को पता था कि पीपीपी मोड से अस्पताल हटने वाला है, तो पहले से ही स्टाफ व डाक्टरों की तैनाती की व्यवस्थायें सुनिश्चित कर देनी चाहिए थी, लेकिन अभी तक स्टाफ व डाक्टर न पहुंचने पर विधायक ने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों सहित स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत से दूरभाष पर वार्ता कर अस्पताल में व्यवस्थायें बनाने की मांग करते हुए कहा कि जिला अस्पताल में गायनी, रेडियोलाजिस्ट, सर्जन व मेडिसिन विशेषज्ञों की तत्काल तैनाती कर आम लोगों को परेशानी दूर करने को कहा है। सीएमओ व सीएमएस को भी अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर विधायक ने दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक किशोर से पीपीपी मोड के दौरान हिमालयन अस्पताल के साथ काम करने वाले कार्मिकों ने मुलाकात कर बताया कि पीपीपी मोड से हटने के बाद वह बेरोजगार हो गये हैं।

# विधायक शाह को मंत्री मंडल में शामिल करने की मांग उठाई

नई टिहरी : घनसाली विधानसभा से लगातार दो बार विधायक बने शक्तिलाल शाह को मंत्री मंडल में शामिल करने की मांग उठाने लगी है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय नेतृत्व से क्षेत्रीय विधायक को संभावित मंत्रिमंडल विस्तार में अनुसूचित जाति कोटे से मंत्री बनाने की मांग की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नरेन्द्र डंगवाल ने कहा कि विधायक शक्तिलाल शाह को घनसाली विधानसभा की जनता ने भारी मतों से दूसरी बार विधायक बनाया है, इनसे पूर्व भी घनसाली की जनता ने भाजपा का विधायक चुना था, लेकिन मंत्रिमंडल में अभी तक घनसाली को प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। कहा कि विधायक शक्तिलाल शाह 2017 तथा 2022 में रिकार्ड मतों से जीतकर प्रदेश की विधानसभा में पहुंचे है, लिहाजा उन्हें मंत्री पद मिलना चाहिए।

# कर्णप्रयाग का शिवम बना सेना में अफसर



चमोली : शनिवार को गया में आयोजित पासिंग आउट परेड में विकासखंड के बैरफाला गांव का युवा शिवम सती भी सेना में अफसर बन गया है। शिवम के पिता और बहन भी सेना में अफसर हैं। शिवम के अफसर बनने पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताई है। बैरफाला गांव निवासी शिवम के चाचा अशोक सती ने बताया कि शिवम के पिता शिव प्रसाद सती भी सेना में अफसर हैं और वर्तमान में चेन्नई में कमान अधिकारी के पद हैं। जबकि शिवम की बहन डा. शिवालिका सती वायु सेना में फ्लाइ लेफ्टिनेंट के पद पर जनवरी 2023 में चयनित हुई। बताया कि शिवम और शिवालिका की शिक्षा दीक्षा उनके पिता के साथ ही नौकरी के दौरान दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों पर हुई। बताया कि शिवम का चयन टेक्नीकल एंट्री स्कीम से ओटीए गया में साल 2020 में हुआ। शिवम और शिवालिका दोनों भाई बहिन के सेना में अफसर बनने पर बैरफाला सहित कर्णप्रयाग विकासखंड क्षेत्र में खुशी की लहर है। बैरफाला निवासी और पूर्व प्रधान बुद्विप्रसाद सती, हरीश चौहान, अनूप डिमरी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मंजू सती, रमेश सती, लक्ष्मी प्रसाद कुमेड़ी, भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुज डिमरी, सुनील पंत,वरिष्ठ समाज सेवी टीका प्रसाद मैखुरी आदि ने सती परिवार को बधाई देते हुए इस सफलता को क्षेत्र का गौरव बताया है। (एजेंसी)

# होमगार्ड जवान भी कर रहे श्रद्धालुओं की मदद



रुद्रप्रयाग : जनपद रुद्रप्रयाग में प्रचलित श्री केदारनाथ धाम यात्रा को सफल संचालन हेतु पुलिस सहित सहायक पुलिस बल होमगार्ड व पीआरडी जवान भी कन्धे से कन्धा मिलाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। अपने कर्तव्य निर्वहन के साथ ही इनके द्वारा केदारनाथ धाम सहित यात्रा पड़ावों पर श्रद्धालुओं की मदद की जा रही है। महाराष्ट्र से अपने परिजनों के साथ आयी पूजा जिनके पास 06 माह का छोटा बच्चा भी था, इनका स्वास्थ्य खराब हो गया था और ये अपने परिजनों से बिछड़ भी गयी थी। इनकी परेशानी को केदारनाथ मे तैनात होमगार्ड जवान प्रमोद ने समझा। उनके द्वारा इनके छोटे बच्चे को अपने पास लेकर इनको मन्दिर परिसर तक लाया गया। बाबा केदार के दर्शन कराने में में मदद की गयी। तदोपरान्त खोया पाया केन्द्र के माध्यम से अनाउंसमेंट कराकर अन्य परिजनों को मन्दिर प्रांगण में बुलवाकर इनको आपस में मिलवाया गया। इनके द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस का आभार प्रकट किया। (एजेंसी)

# हैली टिकटों के नाम पर हुई ठगी मामले में मुकदमा दर्ज

रुद्रप्रयाग : वर्तमान समय में प्रचलित चारधाम यात्रा में आये दिन ठगों के द्वारा हैलीकॉप्टर टिकट दिलाने के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है। पुलिस के स्तर से निरन्तर जागरुकता चलाये जाने के उपरान्त भी लोग ठगों के झांसे में आ ही जा रहे हैं। केदारनाथ धाम यात्रा के लिए आये दिव्येन्तु दत्ता पुत्र स्व. अहिन्द्रा कृष्णा दत्ता निवासी 8/7 तलपुकुर रोड़ थाना बेहाला कोलकाता हाल पता लैण्डवेन आर एसटीआर 5763667, निड्डा जर्मनी को फेसबुक के माध्यम से अभियुक्त अंकित उपाध्याय पता अज्ञात द्वारा केदारनाथ धाम यात्रा हेतु हैली टिकट दिलाने का आश्वासन दिये जाने पर इनके द्वारा इसके दिये गये खाते में अलग-अलग किश्तों में कुल 48,092 रुपये भेजे गये। उस व्यक्ति द्वारा इनको नकली टिकट उपलब्ध कराये गये, जिनके नकली होने की जानकारी इनको सम्बन्धित हैलीपैड में पहुंचने पर हुई।

# 18 जून को चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान

नई टिहरी : आगामी 18 जून को सुबह 8 से 12 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद टिहरी गढ़वाल में वृहत स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला जज योगेश कुमार गुप्ता व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सीनियर सिविल जल आलोक राम त्रिपाठी ने बताया कि इस दिन सभी न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, सभी प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारीगण मिलकर जनपद के विभिन्न चयनित स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलायेंगे। अभियान के दौरान स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाने का काम भी किया जायेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। जिसके तहत जनपद के सभी विद्यालय, सभी ब्लाक, नगर पंचायतों, मंदिर समितियों, व्यापार संगठनों, सामाजिक संगठनों एवं आम जनमानस को सम्मिलित होने का आह्वान किया जा रहा है। कार्यक्रम का आरंभ एक स्वच्छता शपथ के साथ किया जाएगा। जिसके बाद 12 बजे तक निरंतर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। इससे पूर्व आगामी 12 एवं 13 जून को विद्यालयों में स्वच्छता विषय पर ड्राइंग एवं स्लोगन राइटिंग कंपटीशन भी आयोजित किया जायेगा। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को जिला जज के हाथों पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभियान में आर 4 पर जोर रहेगा। जिसके तहत आर 1 अर्थात रिफयूज के तहत पॉलीथिन और प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग न करने व न करने देने पर रहेगा। आर 2 अर्थात रिडयूज के तहत इन वस्तुओं को प्रयोग कम करने पर फोकस किया जायेगा। आर 3 अर्थात फेंकने के बजाय कचरे का रियूज किये जाने का संदेश दिया जायेगा और आर 4 अर्थात रिसाइकल के तहत बेकार व अनुप्रयोगी वस्तुओं को यहां–वहां फेंकने के बजाय उनको रिसाइकल के लिए देने का काम करने पर जोर दिया जायेगा। अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण, पॉलीथिन और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से बचने के उपायों को बताने, गीले व सुखे कूड़े के निस्तारण की विधियों से अवगत कराने व कूड़े–करकट को निस्तारण के लिए देने व पानी के स्त्रोतों पर न फेंकने को लेकर अपील की जायेगी। (एजेंसी)

# गैरसैंण ग्रीष्मोत्सव का रंगारंग आगाज

चमोली : जीआईसी गैरसैंण के खेल मैदान में शनिवार को गैरसैंण ग्रीष्मोत्सव का रंगारंग आगाज हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र प्रमुख शशि सोरियाल ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संरक्षक मदन मोहन ढौंडियाल ने बताया कि यह कार्यक्रम 12 मई तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में उत्तराखंड के नामचीन लोक गायक कल्पना चौहान, रोहित चौहान, मृनाल रतूड़ी, दीपा नगरकोटी, सौरभ मैठाणी, पंकज पांडे, वसुधा गौतम सहित स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपनी भाषा को आगे बढ़ाने तथा गैरसैंण को देश-दुनियां के नक्शे पर लाना है। इस अवसर पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। पहले दिन स्थानीय कलाकारों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। (एजेंसी)

# समिति का रक्तदान शिविर आज

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : डंडरियाल विकास एवं सामाजिक कल्याण समिति की ओर से आज 11 जून को तड़ियाल चौक स्थित एक माल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष गोविंद डंडरियाल ने रक्तदान करने के इच्छुक लोगों से रक्तदान कर पुण्य अर्जित करने की अपील की है।

# विधायक को दिया ज्ञापन

चमोली : लोल्टी-मालबजवाड़ मोटर मार्ग को नौना गांव होते हुए मैटा मल्ला तक जोड़ने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और समाज सेवियों ने थराली के विधायक भोपाल राम टम्टा को ज्ञापन दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो वो आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन में दमयंती जोशी सदस्य क्षेत्र पंचायत, गीता देवी प्रधान पासतोली, विनोद जोशी प्रधान बजवाड़ एव गीता प्रधान सुनाऊ के हस्ताक्षर हैं। (एजेंसी)


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई–टेन्डर जिनके बंद होने की तिथि **06.07.2023** है। निम्न टेन्डर संख्या के अंतर्गत आमन्त्रित किये जाते हैं जो उसी दिन **16:00** बजे तक प्राप्त किये जाएंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 87-DRM-MB-23-24 09.06.2023 |
| कार्य का नाम | Miscellaneous P.way work in connection with CTR (Complete Track Renewal) of Military siding at DNRA station in the section of SSE/P.way/RK under ADEN/RK. |
| टेन्डर क्लोजिंग दिनांक/समय | 06.07.2023, 16:00 |
| अनुमानित लागत | 60,06,858.21 |
| धरोहर राशि | 1,20,100.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 22.06.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 9 माह |

संख्या: 74-W/2/3/WA/Publication, दिनांक:10.06.2023 1782/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्या आपकी त्वचा भी हो गई है रूखी और बेजान तो आज ही करें एलोवेरा का इस्तेमाल



एलोवेरा एक पौधा है जिसके पत्तों से एलोवेरा जेल निकाला जाता है, जिसे ब्यूटी के लिए विशेष रूप से उपयोग किया जाता है। यह एक प्राकृतिक उत्पाद है जिसमें कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो हमारी त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद होते हैं। नीचे दिए गए हैं एलोवेरा के कुछ मुख्य फायदेः

त्वचा को मॉइस्चराइज़ करता हैः एलोवेरा में पाए जाने वाले पोषक तत्व त्वचा को आपूर्ति प्रदान करते हैं और उसे मॉइस्चराइज़ करते हैं। इससे त्वचा मुलायम, चमकदार और स्वस्थ बनती है।

त्वचा की सुरक्षा करता हैः एलोवेरा त्वचा के लिए प्राकृतिक रूप से एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है। इससे यह त्वचा को संक्रमण से बचाने में मदद करता है और त्वचा की सुरक्षा बढ़ाता है।

चेहरे के दाग धब्बों को कम करता हैः एलोवेरा दाग धब्बों को कम करने में मदद करता है और चेहरे की त्वचा को साफ और गोरा बनाता है। इसे नियमित रूप से लगाने से चेहरे पर निखार आता है और त्वचा बेदाग और सुंदर दिखती है।

बालों के लिए फायदेमंद हैः एलोवेरा बालों को मजबूती और चमक देता है। इससे बालों का झडना कम होता है और उन्हें ताजगी और स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है।

सूर्यताप के लिए रक्षा करता हैः एलोवेरा त्वचा की रक्षा करता है और त्वचा को सूर्य की किरणों के हानिकारक प्रभावों से बचाता है। इसके नियमित उपयोग से त्वचा सूर्य के प्रभावों से प्राकृतिक रूप से सुरक्षित रहती है।

एलोवेरा एक प्राकृतिक उपाय है जो त्वचा और बालों की देखभाल के लिए अत्यंत फायदेमंद है। इसे नियमित रूप से उपयोग करके आप एक स्वस्थ और सुंदर दिखने वाली त्वचा प्राप्त कर सकते हैं।

एलोवेरा जेल एक प्राकृतिक उत्पाद है जो एलोवेरा पौधे के पत्तों से प्राप्त किया जाता है। यह जेल त्वचा और बालों के लिए कई गुणों से भरपूर होती है। नीचे दिए गए हैं एलोवेरा जेल के कुछ मुख्य फायदेः

त्वचा की देखभालः एलोवेरा जेल त्वचा को गहरे से मोइस्चराइज़ करती है और उसे पोषण प्रदान करती है। इससे त्वचा नर्म, चमकदार और स्वस्थ बनती है। यह त्वचा के डैमेज को कम करने में मदद करती है और त्वचा को ताजगी और उज्ज्वलता प्रदान करती है।

संक्रमण से बचावः एलोवेरा जेल में प्राकृतिक रूप से एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं जो त्वचा को संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं। इससे छाले, घाव, या छोटी–मोटी कटाईयों की सुरक्षा बढ़ती है और उनका शीघ्र इलाज होता है।

सूखी त्वचा के लिए उपयोगीः एलोवेरा जेल त्वचा को ताजगी और पौष्टिकता प्रदान करके सूखी त्वचा को नमी देती है। यह रूखेपन, खुजली, और त्वचा के उपद्रवों को कम करने में मदद करती है।

बालों के लिए फायदेमंदः एलोवेरा जेल बालों को मजबूत और चमकदार बनाती है।

इससे बालों का झडना कम होता है और उन्हें मुलायम और ताजगी प्रदान करती है। इसका नियमित उपयोग बालों को घना, लंबा और सुंदर बनाने में मदद करता है।

एलोवेरा जेल एक प्राकृतिक साधारित उत्पाद है जो त्वचा और बालों के लिए बहुत उपयोगी है। इसे नियमित रूप से उपयोग करने से आप त्वचा और बालों की देखभाल में सुधार देखेंगे।

# फलों का सेवन करते समय भूल से भी न करें ये गलतियां, पहुंच सकता है नुकसान

फल संतुलित आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। ये कैलोरी में कम होने के साथ–साथ कई पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। हालांकि, फल शरीर के लिए तभी फायदेमंद होते हैं, जब उन्हें सही तरीके से खाया जाए। अगर आप जल्दबाजी में फल खाते हैं तो इससे न सिर्फ उन्हें पचाने में दिक्कत होती है, बल्कि उनसे भरपूर पोषण भी नहीं मिल पाता है। इसी तरह फलों का सेवन करते समय आपको इन 5 गलतियों से भी बचना चाहिए।

**रात के समय फल खाना**

अगर आप उन लोगों में से एक हैं, जो रात में भूख लगने पर फल खाना सही समझते हैं तो आपको बता दें कि ऐसा करना गलत है। सूर्यास्त से पहले फलों का सेवन करना सबसे अच्छा होता है क्योंकि रात में पोषक तत्वों को ग्रहण करने और अवशोषित करने की हमारी क्षमता बहुत कम हो जाती है। सोने से तुरंत पहले फलों का सेवन नींद को भी रोक सकता है क्योंकि यह ऊर्जा के स्तर को बढ़ा देते हैं।

**तुरंत पानी पी लेना**

फल, खासकर तरबूज, संतरा और स्ट्रॉबेरी जैसे पानी से भरपूर फल, खाने के तुरंत बाद पानी पीने से पाचन क्रिया पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। दरअसल, बहुत सारे पानी वाले फल पेट की अम्लता को कम करके पीएच संतुलन को प्रभावित कर सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे हैजा या दस्त सहित घातक संक्रमण होने की संभावना बढ़ सकती है।

**फलों का गलत कॉम्बिनेशन**

मीठे और खट्टे फलों को एक साथ खाने से बचना चाहिए। हमेशा मीठे फलों के साथ मीठे फल और खट्टे फलों के साथ खट्टे फल खाएं क्योंकि प्रत्येक प्रकार के फल आपके पेट में एक अलग पाचक रस का उत्पादन करते हैं। इसी तरह खरबूजे को किसी भी अन्य फल के साथ नहीं खाना चाहिए क्योंकि इसे ढंग से पचाना पाचन क्रिया के लिए मुश्किल हो जाता है। इस लेख के जरिए तरबूज और खरबूजे के बीच का अंतर जानें।

खाने के बाद मीठे फल खाना आपको बहुत लुभा सकता है, लेकिन ऐसा करने से पाचन पर बुरा असर पड़ता है। फलों की मिठास खाने के प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट जैसे तत्वों के साथ मिलकर पाचन धीमा कर देती है, जिससे अतिरिक्त तनाव के कारण पेट में दर्द हो सकता है। खाना खाने के 30 से 60 मिनट के बाद फलों का सेवन करना सही माना जाता है।

# कांग्रेस लौटी धर्मनिरपेक्षता के एजेंडे में !

**कांग्रेस ने कर्नाटक में अपने चुनाव घोषणापत्र में बजरंग दल पर पाबंदी की बात कही। यह कांग्रेस का 360 डिग्री का टर्न था। एक तरफ पार्टी के दलित राष्ट्रीय अध्यक्ष के गृह प्रदेश का चुनाव और ऊपर से बजरंग दल पर पाबंदी की घोषणा! इन दोनों ने मुस्लिम और दलित को कांग्रेस के पक्ष में पूरी तरह से एकजुट कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि ओल्ड मैसुरू इलाके में जो मुस्लिम वोट वोक्कालिगा के साथ मिल कर जेडीएस की जीत सुनिश्चित करता था वह उससे पूरी तरह से अलग हो गया और कांग्रेस के साथ चला गया। इस तरह कांग्रेस की मुस्लिम राजनीति का पहला शिकार जो प्रादेशिक पार्टी हुई वह जेडीएस है। आगे कुछ और पार्टियां हो सकती हैं। चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस की कर्नाटक सरकार धर्मनिरपेक्षता के कोर एजेंडे पर काम कर रही है। अब कांग्रेस इस राजनीति को पूरे देश में आजमाएगी। तभी नए संसद भवन के उद्घाटन के धार्मिक कर्मकांड से कांग्रेस ने दूरी बनाई और सेंगोल यानी राजदंड स्थापित किए जाने का खुल कर विरोध किया।**

**अजीत द्विवेदी**

कांग्रेस पार्टी धर्मनिरपेक्षता के मसले पर दुविधा में थी। आजादी के बाद से वह जिस किस्म की धर्मनिरपेक्षता की प्रैक्टिस कर रही थी उसे लेकर वह संशय में थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद उसका विश्लेषण करने के लिए एके एंटनी की अध्यक्षता में जो कमेटी बनी थी उसकी रिपोर्ट ने कांग्रेस को बदलने का रास्ता दिखाया था। एंटनी कमेटी ने कहा था कि कांग्रेस का मुस्लिमपरस्त दिखना या उस रूप में ब्रांड होना पार्टी के लिए घातक हो गया। उसके बाद ही राहुल को मोदी और कांग्रेस को भाजपा बनाने का अभियान शुरू हुआ था। कांग्रेस का एक धड़ा नरम हिंदुत्व की राजनीति बहुत दिन से करता रहा है। आज के समय में कांग्रेस के सबसे कट्टर धर्मनिरपेक्ष नेता भी 2002 के गुजरात दंगों के बाद हुए चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद 2003 के विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों में नरम हिंदुत्व की राजनीति करने के पैरोकार थे। कह सकते हैं कि उस समय से ही कांग्रेस नरम हिंदुत्व और अपने ब्रांड के सेकुलरिज्म के बीच दुविधा में डोल रही थी।

एंटनी कमेटी की रिपोर्ट ने कांग्रेस की दुविधा खत्म की थी और वह खुल कर हिंदू राजनीति करने लगी थी। इसी राजनीति के तहत राहुल गांधी को शिवभक्त ठहराने का नैरेटिव बनाया गया, जो कि वे हैं नहीं। वे केदारनाथ से लेकर कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर भी गए। उनको जनेऊधारी कौल ब्राह्मण बताया गया और दस जगह पूजा–पाठ कराए गए। भाजपा के राजनीतिक दांव से ही भाजपा को जवाब देने की रणनीति बनी। लेकिन उसमें कोई कामयाबी नहीं मिली। उलटे राहुल की छवि हास्यास्पद बन गई। मुस्लिम मतदाता भी कांग्रेस की बजाय दूसरी पार्टियों में अपना मसीहा खोजने लगे। गौर से देखें तो यही नौ साल का समय असदुद्दीन ओवैसी की कट्टरपंथी राजनीति के देश भर में विस्तार का समय है। मुस्लिम वोट के दम पर दूसरी प्रादेशिक पार्टियां मजबूत हुईं या ओवैसी का आधार बढ़ा। कांग्रेस कमजोर होती गई।

इस मामले में कांग्रेस की राजनीति में बदलाव का टर्निंग प्वाइंट उत्तर प्रदेश के चुनाव नतीजों से आया। उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बड़ी मेहनत की थी। कांग्रेस पार्टी का ट्रंप कार्ड मानी जाने वाली प्रियंका गांधी सक्रिय राजनीति में उतरीं और उत्तर प्रदेश की कमान संभाली। इसके बावजूद कांग्रेस की ऐतिहासिक हार हुई। पार्टी को सिर्फ 2.4 फीसदी वोट मिले। इतिहास में इतने कम वोट पार्टी को कभी नहीं मिले थे। कांग्रेस को समझ में आ गया कि उत्तर प्रदेश के मुसलमानों ने उसे छोड़ दिया है और पूरी तरह से समाजवादी पार्टी के साथ चले गए हैं। इस वजह से सपा की सीटें 47 से बढ़ कर सवा सौ हो गईं और कांग्रेस सात की न्यूनतम सीमा से घट कर एक सीट पर रह गई। यह नतीजा हथौड़े की तरह कांग्रेस के ऊपर पड़ा था। कांग्रेस ने पंजाब में सत्ता गंवाई थी लेकिन उससे ज्यादा बड़ा झटका उत्तर प्रदेश के नतीजे से लगा था। कांग्रेस को पता है कि देश के मुसलमानों को उत्तर प्रदेश से मैसेज जाता है। इसलिए मार्च 2022 के बाद कांग्रेस की राजनीति को एक बार फिर बदलने की शुरुआत हुई।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का कार्यक्रम बना, जिसके लिए 'मोहब्बत की दुकानइ का जुमला गढ़ा गया। यह स्थापित किया गया देश में मुसलमानों के प्रति नफरत फैलाई जा रही है और राहुल गांधी उसके खिलाफ यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने अपनी यात्रा में खुल कर धर्मनिरपेक्षता की चर्चा की और महाराष्ट्र में कम से कम दो जगह विनायक दामोदर



सावरकर को निशाना बनाया। शिव सेना से तालमेल के बावजूद प्रेस कांफ्रेंस करके सावरकर पर हमला करना अनायास नहीं था। राहुल गांधी दो टूक मैसेज देना चाहते थे कि कांग्रेस मुसलमानों के साथ है। इस बीच दूसरा घटनाक्रम यह हुआ कि मल्लिकार्जुन खडग़े कांग्रेस के अध्यक्ष बने। यह संयोग था, लेकिन कांग्रेस के लिए छप्पर फाड़ संयोग बन गया। अगर अशोक गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष बनते तो कांग्रेस को वह फायदा नहीं होता, जो खडग़े से हो रहा है। खडग़े के अध्यक्ष बनने के छह महीने के बाद ही उनके गृह प्रदेश कर्नाटक में विधानसभा का चुनाव था, जहां कांग्रेस को भारत जोड़ो यात्रा और खडग़े दोनों कार्ड को आजमाना था। कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव में ये दोनों कार्ड बखूबी आजमाए और कामयाबी हासिल की।


कांग्रेस ने कर्नाटक में अपने चुनाव घोषणापत्र में बजरंग दल पर पाबंदी की बात कही। यह कांग्रेस का 360 डिग्री का टर्न था। एक तरफ पार्टी के दलित राष्ट्रीय अध्यक्ष के गृह प्रदेश का चुनाव और ऊपर से बजरंग दल पर पाबंदी की घोषणा! इन दोनों ने मुस्लिम और दलित को कांग्रेस के पक्ष में पूरी तरह से एकजुट कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि ओल्ड मैसुरू इलाके में जो मुस्लिम वोट वोक्कालिगा के साथ मिल कर जेडीएस की जीत सुनिश्चित करता था वह उससे पूरी तरह से अलग हो गया और कांग्रेस के साथ चला गया। इस तरह कांग्रेस की मुस्लिम राजनीति का पहला शिकार जो प्रादेशिक पार्टी हुई वह जेडीएस है। आगे कुछ और पार्टियां हो सकती हैं। चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस की कर्नाटक सरकार धर्मनिरपेक्षता के कोर एजेंडे पर काम कर रही है। अब कांग्रेस इस राजनीति को पूरे देश में आजमाएगी। तभी नए संसद भवन के उद्घाटन के धार्मिक कर्मकांड से कांग्रेस ने दूरी बनाई और सेंगोल यानी राजदंड स्थापित किए जाने का खुल कर विरोध किया।

इसके बाद राहुल गांधी ने अमेरिका गए तो वहां नेशनल प्रेस क्लब में पत्रकारों से बात करते हुए मुस्लिम लीग को सेकुलर कहा। उसके बाद भाजपा ने कांग्रेस व राहुल पर हमला करके उसका काम और आसान बना दिया। ध्यान रहे सेकुलर राजनीति कांग्रेस की पहचान रही है। इसलिए अगर भाजपा के नेता राहुल गांधी पर आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने जिन्ना की मुस्लिम लीग को सेकुलर बताया है तो इससे कांग्रेस को नुकसान नहीं होगा। अगर भाजपा ऐसा कुछ कहती तो उसे जरूर नुकसान होता, जैसा कि लालकृष्ण आडवाणी के पाकिस्तान जाकर मोहम्मद अली जिन्ना को सेकुलर कहने से हुआ था। कांग्रेस ने सफाई दी और कहा कि राहुल ने जिन्ना की मुस्लिम लीग को नहीं, बल्कि केरल की सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लोग को सेकुलर कहा। राहुल ने चाहे जिस मुस्लिम लीग को सेकुलर कहा हो, उनके कहे का मैसेज देश भर के मुसलमानों को पहुंचा होगा। राहुल ने अमेरिका में और भी कई बातें कहीं, जिनसे कांग्रेस की आगे की राजनीति का संकेत मिलता है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों के साथ वही हो रहा है, जो दलितों के साथ 1980 में होता था। राहुल ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार के कुछ कामों का सीधा खामियाजा मुस्लिम, दलित, आदिवासी भुगत रहे हैं, और सबसे सीधा खामियाजा मुसलमान को भुगतना पड़ रहा है, क्योंकि सबसे सीधा टारगेट वे हैं। राहुल ने मुसलमानों को संबोधित करते हुए कहा– जिस तरह से आप महसूस कर रहे हैं कि आपके आपको निशाना बनाया जा रहा है, निश्चित रूप से वैसा ही ईसाई, सिख, दलित, आदिवासी भी महसूस कर रहे हैं।

क्या इससे कांग्रेस की राजनीति का ब्लूप्रिंट नहीं जाहिर होता है? इस ब्लूप्रिंट का पहला दांव है, पुरानी 'धर्मनिरपेक्षइ कांग्रेस की वापसी करानी है। दूसरा, दलित वोट वापस हासिल करना है और ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि कांग्रेस ने कद्दावर दलित नेता मल्लिकार्जुन खडग़े को अध्यक्ष बनाया है और दूसरी ओर देश के सबसे बड़े हिस्से में दलित राजनीति का प्रतिनिधित्व करने वाली बहुजन समाज पार्टी हाशिए में चली गई है। कांग्रेस को इसका फायदा मिल सकता है। तीसरा, आदिवासी समाज भाजपा से नाराज है। छत्तीसगढ़ में 2018 में आदिवासी के लिए आरक्षित 29 में से भाजपा सिर्फ दो सीट जीत पाई थी। 2019 में झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा आदिवासी के लिए आरक्षित 28 सीटों में से सिर्फ दो सीट जीत पाई और 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 15 आदिवासी सीटों में से भाजपा एक भी नहीं जीत पाई। चौथा, किसान आंदोलन के दौरान जिस तरह से सिखों को टारगेट किया गया उससे पूरी कौम नाराज है। चौथा, ईसाई समुदाय पर देश के कई हिस्सों में हुए हमले के बाद दूसरे सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय में चिंता और नाराजगी है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसाइयों को लुभाने की कोशिश में लगे हैं, लेकिन उनके लिए कांग्रेस बेहतर विकल्प है। सो, देश का पूरा अल्पसंख्यक समुदाय, दलित और आदिवासी कांग्रेस का लक्ष्य हैं।

# स्कूल की चारदिवारी में मासूम का शोषण

**अजय दीक्षित**



हैरत की बात है कि स्कूलों में बच्चे सुरक्षित नहीं हैं, मगर इसे लेकर कहीं कोई बात नहीं होती। उनके साथ और जो कुछ हो रहा है, उसको तो जाने ही दें। पर स्कूल की चारदिवारी में मासूमों के शोषण को लेकर लगातार लापरवाही बरती जाती है। अयोध्या के नामी स्कूल सनबीम की छात्रा के साथ हुई दरिंदगी पर गजब की चुप्पी बनी रही। पंद्रह साल की इस बच्ची का स्कूल बिल्डिंग से गिरते हुए वीडियो वायरल हुआ। स्कूल ने शुरुआत में पिता को फोन कर कहा वह झूले से गिरने के कारण चुटहिल हो गई है । पोस्टमार्टम से खुलासा हुआ, उसका गैंग रेप हुआ था। परिवार के अनुसार, प्राचार्या रश्मि भाटिया ने छात्रा को फोन करके स्कूल बुलाया था। स्कूल प्रबंधक बृजेश यादव व खेल टीचर अभिषेक कनौजिया ने बलात्कार किया। उधर हैदराबाद के नालगोंडा जिले की 16 साल की छात्रा के मित्र ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिल कर रेप किया। इससे कुछ ही रोज पहले कौशांबी जिले में तेरह साल की छात्रा का स्कूल से लौटते हुए रेप किया गया। दो हफ्ते पहले ग्रेटर नोएडा की शिव नाडार यूनिवर्सिटी में अनुज ने अपनी दोस्त स्नेहा की गोली मार कर खुद को भी गोली मार ली। अप्रैल मध्य में मुजफ्फरपुर जिले के स्कूल में तीन साल की बच्ची का दस साल के लड़के ने वलात्कार किया। दस साल का बच्चा भी बलात्कारी हो सकता है, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। यह मामला सिर्फ दिल दहलाऊ नहीं है। बल्कि इसे खतरे की घण्टी मान लेना चाहिए। इसी माह महाराष्ट्र स्कूल के में नागपुर टीचर ने बारह साल की छात्रा का रेप किया। इससे कुछ ही समय पूर्व दिल्ली में जौनपुर के अजय कुमार ने पांचवीं क्लास की बच्ची का रेप किया। यह स्कूल एमसीडी का है, आरोपी 54 साल का । ये इनी–गिनी घटनाएं महीने – दो महीने की ही हैं। जिन पर कहीं कोई बवेला नहीं हुआ। किसी का खून नहीं खौला । दरिंदगी आलम यह है कि हर रोज अखबारों के पन्नों में प्रकाशित होने वाली ये अनचाही खबरें छोटी सी जगह लेती हैं। इन्हें नजरखेंचूं तभी बनाया जाता है, जब घटना में खास तरह की दरिंदगी शामिल हो । सार्वजनिक जगहों, पास–पड़ोस में तो बलात्कार हो ही रहे हैं। उनके अलावा स्कूलों व कॉलेज परिसर में सुरक्षा न के बराबर है। खासकर छोटे बच्चों के स्कूलों के भीतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए वे जिम्मेदार क्यों नहीं हैं। वह भी तब, जबकि खुद स्कूल प्रबंधन व कर्मचारी उसमें लिप्त हों। मासूम बच्चों के साथ होने वाली छेड़छाड़, व्यभिचार व इधर–उधर हाथ लगाने, सहलाने, गलत तरीके से पकडऩे वाली ढेरों घटनाओं का तो कभी अंदाजा भी नहीं लगाया जाता। जबकि खुद को सुरक्षित रखने के गुर स्कूलों में ही सिखाने चाहिए। घर या बाहर तो मां–बाप सतर्कता वरतते हैं। बल्कि कई दफा वे अपने मासूम बच्चे की सुरक्षा की फिक्र में खुद ही मानसिक तौर पर बीमार हो जाते हैं। जिन्हें हैलीकापटर मॉम कह कर उपहास तक किया जाता है। इन या इस तरह के किसी भी मामले में आरोपी को स्कूल से निलंबित करने की खानापूर्ति कर दी जायेगी। कुछ समय तक मामले को ढंकने– मूंद का काम चलेगा। मगर इन्हें मूल रूप से नैतिक जिम्मेदार कब बनाये जायेगा। जब हम अपने मासूम बच्चे को स्कूल के विशाल व मजबूत नजर आने वाले गेट के भीतर छोड़ते हैं। उसके बाद हमें पता भी नहीं चलता कि भीतर उसके साथ क्या घट रहा है। उसी स्कूल के भीतर जाने के लिए इतनी खानापूर्ति करनी होती है कि सिर चकरा जाये। बच्चों के प्रति शिक्षण संस्थानों को जिम्मेदार बनाना ही होगा। यह कह कर संस्थान नहीं बच सकते कि उनका कर्मचारी या शिक्षक ही दोषी है। खासकर बहुत छोटे बच्चों के इर्द–गिर्द सिर्फ महिलाओं को ही काम पर लगाया जाना चाहिये। बच्चा ज्यों–ज्यों समझदार होता जाता है, उसे स्टेप वाइज गुड टच बैड टच का पाठ रटाया जाये । उसे बार– बार, चित्रों, फिल्मों, खिलौनों व आकृतियों द्वारा समझाया जाये ।

गोपन अंगों के बारे में बताएं। उन्हें विरोध करना और मां–बाप को ऐसी बातें बताने के लिए सहज होना सिखाना होगा। भयभीत रहने से या बच्चों को डराने से गलीज सोच रखने वालों को नहीं रोका जा सकता । व्यभिचारी या बलात्कारी की मंशा कभी न कभी झलकती है। इस पर परिवार व स्कूल दोनों को पैनी नजर रखनी चाहिये। किशोरवय में जाने वाले बच्चों को हैंडल करना तनिक दुष्कर है। उन्हें सेक्स एजुकेशन दी जाये। उनकी उत्सुकताओं, सवालों और तर्क को बेहद संतुलित ढंग से पूरा करना चाहिये । इन्टरनेट के इस दौर में सेक्स और जिस्मानी सम्बन्धों को ढांपने के प्रयास फिजूल हैं। सिर्फ कराटे सिखाने और विपरीतलिंगी से दूरी बनाये रखने के पाठों से काम नहीं बनना । परम्पराओं व

**गोपन अंगों के बारे में बताएं। उन्हें विरोध करना और मां–बाप को ऐसी बातें बताने के लिए सहज होना सिखाना होगा। भयभीत रहने से या बच्चों को डराने से गलीज सोच रखने वालों को नहीं रोका जा सकता । व्यभिचारी या बलात्कारी की मंशा कभी न कभी झलकती है। इस पर परिवार व स्कूल दोनों को पैनी नजर रखनी चाहिये। किशोरवय में जाने वाले बच्चों को हैंडल करना तनिक दुष्कर है। उन्हें सेक्स एजुकेशन दी जाये। उनकी उत्सुकताओं, सवालों और तर्क को बेहद संतुलित ढंग से पूरा करना चाहिये । इन्टरनेट के इस दौर में सेक्स और जिस्मानी सम्बन्धों को ढांपने के प्रयास फिजूल हैं। सिर्फ कराटे सिखाने और विपरीतलिंगी से दूरी बनाये रखने के पाठों से काम नहीं बनना । परम्पराओं व दकियानूसी विचार को परे करके व्यावहारिक तौर पर चेतना होगा ।**

दकियानूसी विचार को परे करके व्यावहारिक तौर पर चेतना होगा ।

खासकर लड़कों को नयी सीख दी जाए। उन्हें बताया जाये स्त्री देह के प्रति जुगुप्सा या उसे जबरन हथियाने के नतीजे कितने खौफनाक हो सकते हैं। छेड़छाड़, व्यभिचार व रेप पर लगने वाली धाराएं व सजाएं भी बताई जाएं। लड़कियों से दोस्ती के मायने यह कतई नहीं है कि वह कब्जाई गयी वस्तु हो गयी । प्रेमिका को मारना, बदले की भावना से उस पर प्रहार, एसिड फेंकना, अपने ही प्रेम संबंध के क्षणों को सार्वजनिक प्लेटफार्मों पर डालना या डालने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले पुरुषों को सीख देनी जरूरी है। को–एड में पढने का मतलब एक–दूसरे को बेहतरी से जानना है। दुश्मनी गांठना नहीं। संबंध हमेशा सहमति से बनते हैं। कोई भी रिश्ता जबरन थोपा नहीं जा सकता।

# आंदोलन मैनेज हो गया?

इस बात को नहीं भुलाया जा सकता कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार ना कर पुलिस ने डर और आशंकाओं का वह माहौल बनने दिया, जिससे उत्पीड़ित पहलवानों का हौसला टूटा। इस रूप में न्याय की भावना के साथ एक तरह का विश्वासघात हुआ है।



यौन उत्पीडऩ के खिलाफ आंदोलन पर उतरे पहलवान सार्वजनिक रूप से भले यह कह रहे हों कि उनका संघर्ष जारी रहेगा, लेकिन जिस रूप में लगभग डेढ़ महीने तक यह आंदोलन चला, उसके आगे भी जारी रहने की संभावना न्यूनतम है। इस बात के साफ संकेत हैं कि गृह मंत्री अमित शाह इस आंदोलन को मैनेज करने में सफल हो गए हैं। पहलवानों के साथ उनकी सहमति बन जाने के ठोस संकेत हैं। बेशक, (कथित तौर पर) उत्पीड़ित महिला पहलवान हुई थीं, इसलिए पहलवानों को यह अधिकार है कि वे अपना हित देखें और किसी समाधान पर पहुंचने के प्रयास में शामिल हों। लेकिन गौरतलब यह है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। उसमें एक नाबालिग पहलवान के यौन उत्पीडऩ का मामला भी है, जो पॉक्सो कानून के तहत आता है। इसी एफआईआर को वापस लिए जाने या इसे बदले जाने की बात मीडिया में आई है। बहरहाल, विधि विशेषज्ञों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय न्याय व्यवस्था के तहत जघन्य अपराध एक बार दर्ज हो जाने के बाद उत्पीड़ित व्यक्ति भी उसे वापस नहीं ले सकता, लेकिन यह राज्य के खिलाफ अपराध का मामला बन जाता है।

ये दीगर बात है कि अगर उत्पीड़ित पक्ष मामले को आगे बढ़ाने में सहयोग ना करे, तो फिर केस साबित होने की संभावनाएं बेहद कम हो जाती हैं। इस बीच नौ जून को आंदोलन का प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित हो चुका है, तो दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने आरोपी बृजभूषण शरण सिंह से उनके घर जाकर पूछताछ की है।

कुल संकेत यह है कि अब जो भी मामला चलेगा, वह पुलिस और कानून की दायरे में चलेगा। इस तरह जन आंदोलन से सत्ताधारी भाजपा के लिए जो असहज स्थितियां बन रही थीं, उन्हें नियंत्रित कर लिया गया है। इसके बावजूद इस बात को नहीं भुलाया जा सकता कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार ना कर पुलिस ने डर और आशंकाओं का वह माहौल बनने दिया, जिससे उत्पीड़ित पहलवानों का हौसला टूटा। इस रूप में न्याय की भावना के साथ एक तरह का विश्वासघात हुआ है। यह इस देश के लिए गहरी चिंता की बात है।

# केंद्र सरकार का मेगा प्लान तैयार, पीएसपी से बनाई जाएगी 47 हजार मेगावाट बिजली

## योजना पर काम कर रहा मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टोरेज सिस्टम से बिजली बनाना भारत के लिए तो नई विधा है, लेकिन केंद्र सरकार इसको लेकर काफी उत्साह में है। वजह यह है कि इसकी लागत कम आती है। इससे पर्यावरण को कोई बड़ा नुकसान नहीं होता है और सबसे बड़ी बात जरूरत पड़ने पर इससे बिजली बनाकर कमी को बहुत ही कम से समय में पूरी किया जा सकता है।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2029–30 तक देश में 33 पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट (पीएसपी) लगाकर इनसे 47 हजार मेगावाट बिजली बनाने का लक्ष्य रखा है। पिछले दिनों ही केंद्र ने आंध्र प्रदेश में 1,350 मेगावाट क्षमता के अपर सिलेरू पीएसपी लगाने के प्रस्ताव को महज 70 दिनों में मंजूरी दी गई, जबकि निर्धारित समय 90 दिनों का है। आने वाले दिनों में बिजली मंत्रालय पीएसपी परियोजनाओं को सिर्फ 50 दिनों में पूरी मंजूरी देने पर काम कर रहा है।

इसी साल अप्रैल में केंद्रीय बिजली मंत्रालय ने पीएसपी को विधिवत बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विस्तृत कार्ययोजना को मंजूरी दी है। उसके बाद केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने पीएसपी आधार पर लगने वाली बिजली परियोजनाओं को पर्यावरण पर असर पड़ने की समीक्षा रिपोर्ट तैयार करने से भी मुक्त कर दिया है।

पर्यावरण मंत्रालय का आकलन है कि इनसे पर्यावरण को कोई खास क्षति नहीं पहुंचती है, इसलिए अतिरिक्त समीक्षा रिपोर्ट तैयार करने की जरूरत नहीं है।



केंद्र सरकार इनको कर छूट भी दे रही है। सरकार की घोषणाओं का असर भी दिख रहा है। पिछले एक हफ्ते के भीतर देश में 8,700 मेगावाट क्षमता की पंप्ड स्टोरेज सिस्टम आधारित बिजली परियोजना लगाने का एलान हो चुका है। इसमें 7,350 मेगावाट क्षमता के संयंत्र सरकारी कंपनी एनएचपीसी महाराष्ट्र में लगाएगी। इसमें कुल 44,000 करोड़ रुपये का निवेश होने की संभावना है।

साथ ही आंध्र प्रदेश सरकार की कंपनी एपीजेनको के 1,350 मेगावाट के पीएसपी लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। बिजली मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि वर्ष 2030 तक देश में रिन्यूएबल एनर्जी से पांच लाख मेगावाट बिजली बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पीएसपी काफी महत्वपूर्ण होगा।

बिजली मंत्रालय का कहना है कि देश में 1.19 लाख मेगावाट क्षमता के 109 पीएसपी लगाए जा सकते हैं। क्या है पीएसपीपीएसपी या पंप्ड स्टोरेज सिस्टम पनबिजली का ही एक हिस्सा है। इसमें दो जलाशयों की जरूरत होती है।

एक भौगोलिक तौर पर ऊपर स्थित होता है और दूसरा निचले हिस्से में। जब ग्रिड में अतिरिक्त बिजली होती है तब नीचे के जलाशय से पानी को ऊपर पहुंचाया जाता है और जरूरत पड़ने पर सामान्य पनबिजली परियोजना की तरह ऊपर से पानी नीचे की तरफ छोड़कर बिजली बनाई जाती है।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, सुबह–सुबह बुजुर्ग महिला सहित 3 लोगों की बेरहमी से हत्या

**मणिपुर (एजेंसी)।** मणिपुर में हिंसा की आग थमने का नाम ही नहीं ले रही है। राज्य के कांगपोकपी जिले के कूकी गांव में सुबह एक बुजुर्ग महिला सहित तीन लोगों की हत्या कर दी गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने पुलिस और इंडिया रिजर्व बटालियन की वर्दी पहन रखी थी। मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह हाल ही में कहा था कि 48 घंटे से हिंसा नहीं देखी गई है। आपको बता दें कि पिछले एक महीने से अधिक समय से जातीय संघर्षों ने मणिपुर को अशांत कर दिया है।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि हथियारबंद लोग सुबह करीब 4 बजे आए और गांव में करीब दो घंटे तक रुके रहे और गोलियां चलाईं। हालांकि पुलिस ने तीन लोगों के मारे जाने और दो के घायल होने की पुष्टि की है, लेकिन उन्होंने घटना के बारे में इससे अधिक कुछ नहीं कहा है।

खोकेन कांगपोकपी जिले की सीमा पर स्थित है। इंफाल पश्चिम जिले के अंतर्गत आने वाले संगाईथेल से यह गांव महज एक किलोमीटर की दूरी पर है। खोकेन के निवासियों ने मारे गए तीनों लोगों की पहचान 65 वर्षीय डोमखोहोई, 52 वर्षीय खाइजामंग गुइते और 40 वर्षीय जंगपाओ तौथांग के रूप में की है। गांव के निवासी और डोमखोई के छोटे भाई थोंगखुप डोंगल ने कहा कि तड़के करीब 40 लोग गांव में दाखिल हुए थे।

उन्होंने कहा, वे अरामबाई तेंगगोल के सदस्यों और पुलिस और आईआरबी की वर्दी पहने हुए थे।

## जापान में हनेडा हवाई अड्डे पर दो विमान टकराए, घटना के बाद रनवे बंद

**टोक्यो , एजेंसी ।** जापान की राजधानी टोक्यो के हनेडा हवाई अड्डे पर शनिवार को दो यात्री जेट की एक टैक्सीवे के पास आपस में टक्कर हो गयी। जापान के परिवहन मंत्रालय ने यह जानकारी दी हैं। स्थानीय मीडिया आउटलेट्स ने हवाई अड्डे के साथ सूत्रों का हवाले से बताया कि आज सुबह स्थानीय समयानुसार करीब 11:00 बजे बैंकॉक जा रहे थाई एयरवेज का विमान और ईवा एयर का विमान हनेडा हवाई अड्डे के रनवे ए पर टकरा गये। टोक्यो ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम की टेलीविजन फुटेज दिखाया गया है कि इस समय दोनों विमान रनवे में खड़े हैं। नेशनल ब्रॉडकास्टर एनएचके के अनुसार ऐसा प्रतीत होता है कि टक्कर के कारण थाई एयरवेज विमान के विंग का हिस्सा टूट गया और जो कि रनवे के पास देखा गया है। हवाई अड्डा ने दुर्घटना स्थल के पास रनवे को बंद कर दिया है। दुर्घटना में अब तक किसी के घायल होने की रिपोर्ट नहीं है। कुछ घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में देरी हुई है।

## सात नवंबर को यूरोपीय सशस्त्र बलों की संधि से हट जाएगा रूस

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस इस साल 7 नवंबर को आधिकारिक रूप से यूरोप में पारंपरिक सशस्त्र बलों पर संधि (सीएफई) से बाहर निकल जाएगा। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में इसकी घोषणा की। आवश्यकता के अनुसार, रूस ने संधि से हटने के अपने फैसले के बारे में सीएफई के सभी प्रतिभागियों को सूचित कर दिया है और यह संधि अधिसूचना के 150 दिन बाद लागू होगी। पिछले महीने, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संसद की मंजूरी के बाद सीएफई की निंदा पर एक कानून पर हस्ताक्षर किए। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने तब कहा था कि रूस की वापसी का कोई सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि तंत्र लंबे समय से काम नहीं कर रहा था। सीएफई मूल रूप से 1990 में तत्कालीन नाटो सदस्यों और तत्कालीन छह वारसॉ संधि राज्यों द्वारा हस्ताक्षरित किया गया था। समझौता 1992 में लागू हुआ।

संधि का उद्देश्य दो सैन्य गठजोड़ों के बीच हथियारों और सैन्य उपकरणों की मात्रा पर सीमा निर्धारित करके संतुलन स्थापित करना था, जो सभी दलों को एकत्र करने की अनुमति थी।

## माली में हुए हमले में संयुक्त राष्ट्र शांतिसैनिक की मौत

**बमाको, एजेंसी।** पश्चिम अफ्रीकी देश माली में एक हमले में संयुक्त राष्ट्र बहुआयामी एकीकृत स्थिरीकरण मिशन (मिनुस्मा) के एक शांति सैनिक की मौत हो गयी और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मिशन ने जारी बयान में यह जानकारी दी हैं। शांति मिशन के प्रमुख अल–घासिम वेन ने कहा, मैं अपने गश्ती दल पर इस कायराना हमले की कड़ी निंदा करता हूं। यह दुखद त्रसादी हमारे शांति सैनिकों के सामने आने वाले खतरों की याद दिलाता है। शांतिसैनिक माली के लोगों में स्थिरता और शांति लाने के लिए अथक प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि शांति सैनिकों की हिफाजत और सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, माली की उभरती सुरक्षा चुनौतियों के सामने शांतिसैनिको की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## कनाडा में 10 और जंगलों में लगी आग

**ओटावा , एजेंसी।** कनाडा में 10 और जंगलों में आग लगने की घटना सामने आयी है और इसके साथ ही इस वर्ष अब तक कुल संख्या 2,405 जंगलों में आग लग चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक 89 जंगलों में आग शुरु हुई जबकि 114 जगल में आग पर काबू पा लिया गया है।


## मातम में बदली शादी की खुशियां, गैस सिलेंडर फटने से तीन बच्चों की मौत

**भिंड (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले में आज उस समय शादी का वातावरण गम में बदल गया, जब एक सिलेंडर में विस्फोट होने से परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई।

गोरमी पुलिस सूत्रों ने बताया कि दले का पुरा गांव में हुए इस हादसे में चार लोग घायल हैं, जिन्हें गंभीर अवस्था में ग्वालियर रेफर किया गया है। जिस घर में हादसा हुआ, वहां परिवार में छोटे बेटे की शादी की तैयारियां चल रही थीं। धमाका इतना तेज था कि मकान की छत उड़ गई।

पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में सिलेंडर में लीकेज के कारण ही हादसा होना माना जा रहा है, लेकिन घटना की विस्तृत जांच की जा रही है।पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बताया कि स्थानीय निवासी अखिलेश कडेरे के छोटे बेटे का 22 जून को विवाह है।

# दिल्ली के कमला मार्केट में लगी भीषण आग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के कमला मार्केट में भीषण आग लग गई है। इस आग के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया है। कई गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं लग पाया है।

जानकारी के मुताबिक, इस आग की घटना से अभीतक किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। दमकल अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल आग कंट्रोल में है।

दिल्ली में शुक्रवार रात को द्वारका सेक्टर–10 स्थित नौ मंजिला सीजीएचएस मास अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर भी भीषण आग लग गई थी। इस भीषण आग से एक बुजुर्ग की झुलसकर मौत हो गई थी। आग से झुलसे मृतक की पहचान सधन चंद्रा (85) के रूप में हुई है। इस आग की घटना के समय उनकी बेटी व दामाद बाजार गए थे और वे घर में अकेले थे। वह चलने–फिरने में अधिक सक्षम नहीं थे। यही कारण है कि घटना के दौरान वह घर के बाहर नहीं भाग पाए। केंद्र सरकार वर्ष 2029–30 तक बिजली बनाने के लिए 33 पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट लगाने की तैयारी में है।

## गुरुग्राम : 65 अवैध कॉलोनियों में प्रॉपर्टी के पंजीकरण पर रोक

**गुरुग्राम (एजेंसी)।** टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग (डीटीसीपी) ने शहर के बाहरी इलाके में 65 अवैध कॉलोनियों की पहचान की है और राजस्व विभाग से तत्काल प्रभाव से वहां प्रॉपर्टी का पंजीकरण रोकने के लिए कहा है। फरु खनगर, कादीपुर और हरसरू में ये अवैध कॉलोनियां पनप रही हैं।डीटीसीपी द्वारा राजस्व अधिकारियों को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम की धारा 7ए के तहत अनिवार्य 'अनापत्ति प्रमाण पत्रइ (एनओसी) के बिना इन कॉलोनियों में प्रॉपर्टी के दस्तावेजों का पंजीकरण न किया जाए। डीटीसीपी के एक हालिया सर्वेक्षण से पता चलता है कि संबंधित अधिकारियों की अनुमति के बिना लगभग 65 कॉलोनियों को अवैध रूप से विकसित किया जा रहा है।

# भारतीय छात्रों की नहीं कोई गलती

### जयशंकर ने कनाडा के सामने उठाया स्टूडेंट्स को डिपोर्ट करने का मुद्दा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने कनाडा में निर्वासन का सामना कर रहे भारतीय छात्रों के मुद्दे को उठाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा के विदेश मंत्री के सामने भारतीय छात्रों के इस मुद्दे को रखा है।

सूत्रों ने कहा कि कनाडा के अधिकारियों से बार–बार निष्पक्ष रहने का आग्रह किया गया है क्योंकि भारतीय छात्रों की कोई गलती नहीं है। सूत्रों ने कहा कि कनाडा में कुछ भारतीय छात्रों को कथित रूप से फर्जी प्रवेश पत्र जमा करने के लिए निर्वासन की धमकी दी गई है और वास्तविक संख्या मीडिया में बताए जा रहे 700 के आंकड़े से बहुत कम है।

सूत्रों ने कहा कि कुछ छात्रों को हाल ही में उनके निर्वासन नोटिस पर स्थगन आदेश मिला है। उन्होंने कहा कि यह स्वागत योग्य है कि भारत सरकार के निरंतर प्रयासों ने कनाडा सरकार के मानवीय दृष्टिकोण को अपनाने और छात्रों के दृष्टिकोण को स्वीकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सूत्रों ने कहा कि इनमें से ज्यादातर छात्र 2017–2019 के दौरान कनाडा गए थे। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद उनमें से कुछ ने वर्क परमिट प्राप्त किया, जबकि अन्य ने कनाडा में पढ़ाई करना जारी रखा।

एक सूत्र ने कहा कि भारत इस मामले को कनाडा और नई दिल्ली में मौजूद अधिकारियों के समक्ष उठाता रहा है। विदेश मंत्री ने अपने कनाडाई समकक्ष के साथ भी मामले को उठाया। विदेश मंत्रालय के (पूर्व) सचिव ने इस साल अप्रैल में कनाडा की अपनी यात्रा के दौरान यह बात कही थी।

सूत्रों ने यह भी बताया है कि कनाडा की प्रणाली में खामियां थीं, जिसके कारण छात्रों को वीजा दिया गया और उन्हें कनाडा में प्रवेश करने की भी अनुमति दी गई। सूत्रों ने कहा कि तब से कनाडाई सांसदों ने छात्रों के समर्थन में बात की है।

कनाडा सरकार में मंत्री शॉन फ्रेजियर ने संकेत दिया है कि कनाडा अनिश्चितता का सामना कर रहे अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए सक्रिय रूप से एक समाधान का प्रयास कर रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने छात्रों के उचित जरूरत को स्वीकार किया है।

# और भयंकर होगा 'बिपरजॉय, कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट तो कहीं बढ़ेगा गर्मी का कहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से चक्रवाती तूफान बिपरजॉय को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि चक्रवाती तूफान अगले 24 घंटों में अपना असर दिखाएगा और यह उत्तरपूर्व की ओर तेजी से बढ़ेगा। इस दौरान यहां तूफान व तेज बारिश होने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का कहना है कि अगले दो दिनों में उत्तर से उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ेगा। वहीं, दूसरी ओर, मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि सात राज्यों में लू की स्थिति रहेगी।

वहीं, चक्रवात बिपरजॉय से पहले वलसाड के अरब सागर तट पर स्थित तिथल बीच पर ऊंची लहरें उठती दिखीं। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद वलसाड प्रशासन ने सावधानी बरतते हुए तिथल बीच को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया है। वलसाड के तहसीलदार टीसी पटेल ने कहा कि मछुआरों को समुद्र के पास जाने से साफ मना किया हुआ है। अगर जरूरत पड़ी तो दरिया कांठां गांव में लोगों को जरूरत पडने् पर स्थानांतरण किया जाएगा और उनके लिए शेल्टर बनाए गए हैं। वहीं, पर्यटकों के लिए तिथल बीच को 14 जून तक बंद कर दिया गया है।

आईएमडी के अनुसार, बिपरजॉय उत्तर–पूर्वोत्तर की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने कहा कि दक्षिण भारतीय क्षेत्र में अगले चार दिनों में बारिश होने की संभावना है। जहां केरल और तटीय कर्नाटक में सोमवार तक भारी बारिश होने की संभावना है, वहीं लक्षद्वीप में रविवार तक बारिश होगी। इसके अलावा, केरल के आठ जिलों को शुक्रवार को यलो अलर्ट पर रखा गया था। इन जिलों में तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पठानमथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, कोझिकोड और कन्नूर शामिल हैं। वहीं, शुक्रवार को वेल्लोर जिले में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई, कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। चेन्नई क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र वेल्लोर के अनुसार 5.5 सेमी बारिश दर्ज की गई है।

आईएमडी ने कहा कि मानसून अपने निर्धारित समय से सात दिन देरी से गुरुवार को दक्षिण भारतीय राज्य पहुंचा। मौसम विभाग द्वारा यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि चक्रवात बिपरजोय के कारण प्रायद्वीप पर धीमी प्रगति के साथ मौसम प्रणाली की शुरुआत कमजोर रहने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक एम महापात्रा के अनुसार 15 जून के बाद ही बारिश में तेजी आने की उम्मीद है।अगले सप्ताह के मध्य तक मौसम का पूर्वानुमान जारी करते हुए, मौसम कार्यालय ने कहा कि दक्षिण भारत के अलावा और पूर्वोत्तर में भी बुधवार तक भारी वर्षा होगी। उप–हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में शुक्रवार को अलग–अलग हिस्सों में भारी बारिश जारी रहेगी, जिसके अगले दो दिनों में बहुत भारी बारिश होने की उम्मीद है।

## लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की तैयारी शुरू

**शिमला (एजेंसी)।** अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए हिमाचल कांग्रेस ने अभी से इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संदर्भ में 11 जून को कांग्रेस की एक अहम बैठक होने जा रही है। यह बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद प्रतिभा सिंह ने 11 जून को कांग्रेस जिलाध्यक्षों की बैठक बुलाई हैं।बैठक कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में सुबह 11 बजे होगी। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रदेश मामलों के सह प्रभारी तजेंद्र पाल सिंह बिट्टू विशेष तौर पर शिरकत करेंगे। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सगंठन रजनीश किमटा ने बताया कि यह बैठक आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर बुलाई गई हैं।

## आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत का संयुक्त संचालन

**नई दिल्ली** )। हिंद महासागर – भारतीय नौसेना ने आज अरब सागर में बहु–वाहक संचालन और 35 से अधिक विमानों की समन्वित तैनाती के शानदार प्रदर्शन के साथ अपनी दुर्जेय समुद्री क्षमताओं का प्रदर्शन किया। नौसैनिक शक्ति का यह प्रदर्शन अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने, क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने और समुद्री क्षेत्र में सहकारी साझेदारी को बढ़ावा देने की भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।यह हिंद महासागर और उससे आगे समुद्री सुरक्षा और शक्ति–प्रक्षेपण को बढ़ाने की भारतीय नौसेना की खोज में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर भी है। इस अभ्यास में दो विमान वाहक आईएनएस विक्रमादित्य और स्वदेशी रूप से निर्मित आईएनएस विक्रांत के साथ–साथ जहाजों, पनडुब्बियों और विमानों के विविध बेड़े के साथ–साथ समुद्री क्षेत्र में भारत की तकनीकी विशेषज्ञता का प्रदर्शन शामिल है। आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत, अभ्यास के केंद्र–टुकड़े, फ्लोटिंग सॉवरेन एयरफ़ील्ड के रूप में काम करते हैं, जो मिग–29च फाइटर जेट्स, रू॥60क्र, कामोव, सी किंग, चेतक और ҇रु॥ हेलीकॉप्टरों सहित विमानों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए लॉन्च प्लेट-फॉर्म प्रदान करते हैं। . इन मोबाइल ठिकानों को कहीं भी तैनात किया जा सकता है, जिससे मिशन के लचीलेपन में वृद्धि, उभरते खतरों की समय पर प्रतिक्रिया और दुनिया भर में हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए निरंतर हवाई संचालन की अनुमति मिलती है।

# लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की गारंटी हो जाएगी गोल : जयराम

**मंडी (एजेंसी)।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर गाड़ागुशैनी में आयोजित जनसभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होने कहा कि सुखविन्दर सिंह सुक्खू लॉकप्रिय मुख्यमंत्री हैं। जिन्होंने हिमाचल के विकास पर ताला लगा दिया है।

हर मोर्चे पर विफल सुक्खू सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। जनहित के सारे काम बंद पड़े हैं। सरकार के पास हर बात का सिर्फ एक ही जवाब है कि पैसे नहीं हैं, इसलिए काम नहीं हो रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कोरोना के बाद भी इन्ही संसाधनों में हमारी सरकार ने ऐतिहासिक काम कर दिखाया। स्वास्थ्य, शिक्षा, सडकें, बिजली, पानी, सबके आंकड़े गवाह हैं कि हमने पिछली सरकारों से दुगुनी गति से विकास किया।

हमने न तो हिम केयर की गारंटी दी थी, न ही बिजली पानी निशुल्क करने और नहीं महिलाओं का किराया आधा करने की गारंटी दी थी। लेकिन जनहित के लिए हमने सारी सुविधाएं दी। कांग्रेस ने दस गारंटियां दी लेकिन एक भी पूरी नहीं की। हिमाचल की जनता लोक सभा के चुनाव में कांग्रेस को गोल करके उनकी गारंटियों के जवाब देगी। जनसभा में भाजपा विधायक सुरेन्द्र शौरी समेत अन्य स्थानीय भाजपा नेता और हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# अमरनाथ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम करने के निर्देश, 5 लाख रुपये का बीमा और मिलेगी ये सुविधाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू–कश्मीर में आगामी एक जुलाई से शुरू होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। शाह ने शुक्रवार को यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, सीमा सुरक्षाबल और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के महानिदेशक, सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक, जम्मू–कश्मीर के मुख्य सचिव, सेना और केंद्र सरकार तथा जम्मू–कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

अमरनाथ यात्री का पाँच लाख रुपये का होगा बीमा

बैठक में यह जानकारी दी गई कि श्री अमरनाथ यात्रा के सभी यात्रियों को आरएफआईडी कार्ड दिए जाएंगे जिससे उनकी 'रियलटाइम लोकेशनइ का पता लगाया जा सके। हर अमरनाथ यात्री का पाँच लाख रुपये और हर पशु का 50,000 रूपए का बीमा करवाया जाएगा। इसके अलावा यात्रा के लिए टेंट, यात्रा मार्ग पर वाईफाई हॉटस्पॉट और समुचित प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही बाबा बर्फानी के ऑनलाइन लाइव दर्शन, पवित्र अमरनाथ गुफा में सुबह और शाम की आरती का सीधा प्रसारण और बेस कैंप में धार्मिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की प्राथमिकता है कि अमरनाथ यात्रियों को सुगमता से दर्शन हों और उन्हें किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने श्री अमरनाथ यात्रा के पूरे मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने हवाईअड्डे और रेलवे स्टेशन से यात्रा बेस कैंप तक के मार्ग पर हर प्रकार की सुचारू व्यवस्था पर ज़ोर दिया।

उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए रात में भी श्रीनगर और जम्मू से हवाई सेवा उपलब्ध कराने को कहा। शाह ने ऑक्सीजन सिलिंडर और उनकी रिफिलिंग सुनिश्चित करने के साथ–साथ इसका पर्याप्त स्टॉक रखने और डॉक्टरों की अतिरिक्त टीमें उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त चिकित्सा बेड और किसी भी आपात चिकित्सा स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस तथा हेलीकाप्टर तैनात करने को भी कहा।

## यूपी में किशोरी की बेरहमी से हत्या, दरिंदों ने हाथों में ठोकी कील, निकाल लीं आंखें

**फिरोजाबाद (एजेंसी)।** यूपी के फिरोजाबाद से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक किशोरी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या की वारदात को इस तरह अंजाम दिया गया जिसे देखकर हर किसी के पैरों तले ज़मीन खिसक जाए।

किशोरी की हत्या कर उसके हाथों में कील ठोंकी गई और आंखें भी निकाल ली गईं। शव अर्धनग्न हालात में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एशिया कप के फाइनल में



नई दिल्ली, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शनिवार को मेजबान जापान को 1–0 से हराकर जूनियर एशिया कप 2023 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत ने 2012 के बाद दूसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया है। मैच का एकमात्र गोल सुनलिता टोप्पो (47') ने किया।

भारत ने टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर एफआईएच जूनियर हॉकी महिला विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई किया, जो 29 नवंबर से 10 दिसंबर, 2023 तक सैंटियागो, चिली में आयोजित किया जाएगा।

भारतीय टीम ने मैच में आक्रमक शुरूआत की। हालाँकि, मेजबान जापान न केवल भारत को शुरुआती बढ़त लेने से रोका बल्कि भारत पर दबाव बनाने के लिए गोल करने के अवसर भी बनाने शुरू कर दिए। जापान ने कुछ पेनल्टी कार्नर जीते लेकिन उन्हें बदलने में असफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप पहला क्वार्टर गोलरहित रहा।

दूसरा क्वार्टर भी पहले क्वार्टर की तरह ही रहा। दोनों टीमों ने गतिरोध को तोडने के लिए लगातार हमला किया। जापान दो बार गोल करने के करीब पहुंच गया लेकिन भारत की गोलकीपर माधुरी किंडो ने कुछ अच्छे बचाव किये। परिणामस्वरूप मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल करने में असफल रहे।

तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और तीसरा क्वार्टर भी गोल रहित समाप्त हुआ।

चौथे क्वार्टर में आखिरकार भारतीय टीम को सफलता मिल ही गई, जब सुनलिता टोप्पो ने 47वें मिनट में शानदार मैदानी गोल कर भारत को 1–0 की बढ़त दिला दी। अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ और भारतीय टीम मैच 1–0 से जीतकर फाइनल में पहुंच गई। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अब 11 जून को महिला जूनियर एशिया कप 2023 के फाइनल में चीन या कोरिया के खिलाफ खेलेगी। यह मैच दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर खेला जाएगा।

### नोवाक जोकोविच 23वें ग्रैंड स्लैम से एक कदम दूर, फ्रेंच ओपन के फाइनल में की एंट्री

नईदिल्ली, 10 जून। लोगों पर जिस तरह फुटबॉल और क्रिकेट का खुमार चढ़ता है, वैसा ही इस समय लोगों पर टेनिस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन खुमार चढ़ा हुआ है।

इसका कारण यह है की 2023 के इस सीजन में एक बार फिर सर्बियाई प्लेयर नोवाक जोकोविच ने धमाकेदार अंदाज में जीत दर्ज की है।


मीडिया रिपोटर्स की माने तो जोकोविच ने मेन्स सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में एंट्री कर ली है। जोकोविच का यह किसी भी ग्रैंड स्लैम का 34वां फाइनल होगा। खबरों के अनुसार जोकोविच ने सेमीफाइनल में स्पेन के वर्ल्ड नंबर–1 कालोस अल्कारेज को 6–3, 5–7, 6–1, 6–1 से हराया है।

बना सकते है वर्ल्ड रिकॉर्ड

स्पेनिश स्टार राफेल नडाल और जोकोविच अब तक सबसे ज्यादा 22–22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके है। इस बार यदि जोकोविच यह फ्रेंच ओपन खिताब जीतते हैं, तो वह सबसे ज्यादा 23 ग्रैंड स्लैम जीतकर इतिहास रच देंगे।

# फीफा महिला विश्व कप में हिस्सा लेने वाले प्रत्येक खिलाडियों को मिलेंगे 30,000 अमेरिकी डॉलर

नई दिल्ली, फीफा ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में फीफा महिला विश्व कप 2023 के लिए अपने नए भुगतान वितरण मॉडल की घोषणा की, जिसमें टूर्नामेंट में भाग ले रहे प्रत्येक खिलाड़ी को कम से कम 30,000 अमेरिकी डॉलर वितरित किए जाएंगे। वित्तीय आवंटन के अनुसार, प्रत्येक खिलाड़ी को समूह चरण के लिए 30,000 यू.एस. डॉलर प्राप्त होंगे, जबकि चैंपियंस टीम के पास प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 270,000 यू.एस. डॉलर होंगे, पुरस्कार राशि के साथ प्रत्येक खिलाड़ी को राउंड ऑफ़ 16 और रनर–अप के बीच 60,000 से 195,000 यू एस डॉलर दिये जाएंगे।



फीफा ने कहा कि यह पहल महिलाओं के फुटबॉल को विकसित करने और खिलाड़ियों को एक उचित सौदा सुनिश्चित करने की ओर एक और ठोस कदम है।

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, इस अभूतपूर्व नए वितरण मॉडल के तहत, फीफा महिला विश्व कप 2023 में हिस्सा ले रही प्रत्येक महिला खिलाड़ी व्यक्तिगत रूप से पारिश्रमिक पर भरोसा कर सकती हैं।

भाग लेने वाले प्रत्येक सदस्य संघ को कम से कम 1.56 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, और विजेताओं को 4.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर वितरित किए जाएंगे।

फीफा के अनुसार, फीफा महिला विश्व कप 2023 में इसका कुल निवेश 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक होने का अनुमान है।

# श्रीलंका ने सीडब्ल्यूसी क्वालीफायर टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की



कोलंबो, श्रीलंका ने जिम्बाब्वे में आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप (सीडब्ल्यूसी) क्वालीफायर टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।टीम में हाल ही में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 19 विकेट लेने वाले 'जूनियर मलिंगा' के नाम से प्रसिद्ध तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को शामिल किया गया है। पथिराना ने इसी महीने अफगानिस्तान के खिलाफ अपना एकदिनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है। अपने डेब्यू मैच में उन्होंने 66 रन देकर एक विकेट लिया है।पथिराना के अलावा 29 वर्षीय दुशान हेमंथा टीम में नया चेहरा हैं। दो नए चेहरों के टीम में जगह बनाने के बाद अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज के लिए जगह नहीं बची थी।सीडब्ल्यूसी क्वालीफायर 18 जून से शुरू होगा, जिसमें दस टीमें इस साल के अंत में भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में बचे अंतिम दो स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।श्रीलंका की 15 सदस्यीय टीम इस प्रकार है: दासुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस (उपकप्तान और विकेटकीपर), दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसांका, चरिथ असालंका, धनंजय डी सिल्वा, सादीरा समरविक्रमा (विकेटकीपर), वानिंदु हसरंगा, चमिका करुणारत्ने, दुशमंथा चमीरा, कसुन राजिता, लाहिरू कुमारा, महेश थीक्षणा, मथीशा पथिराना, दुशान हेमंथा।

# मुरली श्रीशंकर प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीट में तीसरे स्थान पर रहे



पेरिस, 10 जून। लंबी कूद के शीर्ष भारतीय खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर 8.09 मीटर की छलांग के साथ पेरिस डायमंड लीग में तीसरे स्थान रहे।

उन्होंने पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पोडियम हासिल किया।राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने शुक्रवार रात अपने तीसरे प्रयास में दिन की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई।ओलंपिक चैंपियन यूनान के एम. टेंटोग्लू और साइमन एहमर (स्विट्जरलैंड) क्रमशः 8.13 मीटर और 8.11 मीटर की छलांग के साथ श्रीशंकर से आगे रहे।

# शुभमन गिल और टीम इंडिया के साथ हुई बेईमानी?




नई दिल्ली, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला जीतने के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम बेईमानी पर उतर आई है। शुभमन गिल को आउट करार दिए जाने पर बवाल मच गया है। गिल का कैच कैमरून ग्रीन ने पकड़ा, लेकिन रिप्ले में साफतौर पर दिखाई दिया कि बॉल जमीन को टच कर रही थी। हालांकि, इसके बावजूद थर्ड अंपायर ने भारतीय सलामी बल्लेबाज को आउट करार देते हुए हर किसी को चौंका दिया। बीच मैदान पर कप्तान रोहित भी थर्ड अंपायर के इस फैसले पर झल्लाए नजर आए। कैसे और क्या हुआ है ओवल के मैदान पर, चलिए आपको विस्तार से समझाते हैं।

गिल के साथ हुई बेईमानी?

दरअसल, 444 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शुभमन गिल और रोहित शर्मा ने दमदार शुरुआत दी। रोहित और गिल के बल्ले से चौके से लगातार चौके निकल रहे थे और दोनों क्रीज पर काफी पॉजिटिव भी दिखाई दे रहे है। हालांकि, आठवें ओवर की पहली गेंद पर सबकुछ बदल गया। स्कॉट बोलैंड की गेंद ने शुभमन गिल के बल्ले का अंदरूनी किनारा लिया और बॉल स्लिप और गली के बीच में गई। गली पर फील्डिंग कर रहे कैमरून ग्रीन ने डाइव लगाते हुए बेहतरीन कैच लपका और उनके साथ पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम जश्न मनाने लगी।

## फिल्मी सफर

# जॉली जॉली एलएलबी 3 में होगा अक्षय और अरशद का आमना–सामना, ऐसी होगी फिल्म



अक्षय कुमार और हुमा कुरैशी स्टारर फिल्म जॉली एलएलबी 2 साल 2017 में रिलीज़ हुई थी. यह फिल्म जॉली एलएलबी का सीक्वल थी जिसे 2013 में रिलीज किया गया था और इसमें अरशद वारसी, सौरभ शुक्ला और अम्रिता राव लीड रोल में थे. दोनों ही फिल्मों को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था. साथ ही, आज हम जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए एक खुशखबरी लेकर आए हैं.

बता दें कि, जॉली एलएलबी 2 के छह साल बाद अरशद वारसी ने फिल्म के तीसरे पार्ट की पुष्टि की है. आपको बता दें कि, हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में, अरशद वारसी ने खुलासा किया कि अक्षय कुमार जल्द ही जगदीश्वर मिश्रा उर्फ जॉली के किरदार में सीक्वल के लिए वापसी करेंगे. इस पार्ट में दूसरे पार्ट के हीरो खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार भी ज्वाइन करेंगे. एक्टर ने यह भी पुष्टि की कि मुन्ना भाई 3 के बारे में अभी कोई प्लान नहीं है. अभिनेता ने कहा मुन्ना भाई 3 नहीं हो रहा है;

संजय और मैं चाहते हैं कि ऐसा हो, राजू (हिरानी) इसे बनाना चाहते हैं और विधु (विनोद चोपड़ा) इसे प्रोड्यूस करना चाहते हैं. लेकिन अभी के लिए, ऐसा नहीं हो रहा है. अक्षय के साथ जॉली एलएलबी 3 हो रही है. धमाल के लेखक ने मुझे फोन किया और कहा कि वह अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं. गोलमाल 5 के बारे में मेरा मानना है कि एक दिन रोहित शेट्टी हमें गोवा में फिल्म की शूटिंग के लिए बुलाएंगे. वह ऐसा कर सकते हैं. यही नहीं, अगस्त 2022 में एंटरटेनमेंट पोर्टल पिंकविला के करीबी एक सूत्र ने भी दावा किया, सुभाष कपूर, अक्षय कुमार और अरशद वारसी कुछ समय से जॉली एलएलबी 3 का विचार कर रहे हैं. सुभाष ने एक ऐसा विषय सुलझा लिया है जो दो जॉली के बीच आमने–सामने की मांग करता है. यह कानून की अदालत में बहस के लिए एक बहुत ही दिलचस्प विषय होने वाला है.

### भारतीय रीमेक सिटाडेल के लिए वरुण धवन, सिकंदर खेर ले रहे एक्शन की ट्रेनिंग


एक्टर वरुण धवन और सिकंदर खेर सिटाडेल के अपकमिंग भारतीय रीमेक के लिए एक्शन ट्रेनिंग पर जोर दे रहे हैं।

वरुण और सिकंदर ने सीक्वेंस को करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, एक्टर फिलहाल एक्शन सीक्वेंस की तैयारी के लिए ट्रेनिंग ले रहे हैं।

प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के मुताबिकः सीरीज में हाई–इंटेंस एक्शन होने वाला है और यह एक स्पाई सीरीज होने के नाते इसमें मूवमेंट और फाइट सीक्वेंस में एक खास तेजी होनी चाहिए, जिसके लिए अभी ट्रेनिंग चल रही है। सीरीज के लिए जुलाई तक शूट जारी रहेगा।

सीरीज में सामंथा रुथ प्रभु भी हैं। द फैमिली मैन के निर्माता राज और डीके द्वारा निर्देशित सिटाडेल उसी नाम की बड़ी इंटरनेशनल सीरीज का इंडियन काउंटरपार्ट है, जिसे ओरिजनल से निर्देशक जोड़ी रूसो ब्रदर्स द्वारा बनाया गया है।

# क्या आलिया की अगली फिल्म रामायण होगी ? रणबीर कपूर बनेंगे राम !



एक्ट्रेस आलिया भट्ट इस साल लगातार ऊचाइंयों को छू रही हैं. इस साल मेट गाला में डेब्यू से लेकर हॉलीवुड की शुरुआत तक, स्टार हर किसी को टक्कर दे रही हैं . वहीं आलिया अभी यहीं नहीं थमने वाली वो इस साल और बड़े धमाके करने वाली हैं, और वह पूरी तरह से अपने नए प्रोजेक्ट की तरफ बढ़ रही हैं. एक्ट्रेस को बुधवार को निर्देशक नितेश तिवारी के कार्यालय के बाहर देखा गया, जिससे हम अनुमान लगा रहे थे कि क्या चल रहा है. हाल ही में आलिया को मुंबई में नितेश तिवारी के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया. गंगूबाई काठियावाड़ी की एक्ट्रेस झुमके के साथ लाइट पिंक कलर के कुर्ते में और भी खूबसूरत लग रही हैं. निर्देशक के भवन से निकलते ही एक्ट्रेस ने उन्हें गले से लगा लिया. इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया नितेश की अगली फिल्म रामायण में अभिनय करेंगी. फिल्म में कथित तौर पर रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और यश हैं. अफवाहें बताती हैं कि इस दिवाली एक आधिकारिक घोषणा की जाएगी. बताया जा रहा है कि फिल्म दिसंबर में फ्लोर पर जाएगी.वहीं नेटफ्लिक्स के ग्लोबल फैन इवेंट टुडुम 2023 के लिए आलिया जल्द ही साउ पाउलो, ब्राजील के लिए ट्रेवल करेंगी. वह वहां जोया अख्तर की द आर्चीज की टीम के साथ होंगी. हॉलीवुड ए–लिस्टर्स जैसे क्रिस हेम्सवर्थ, अर्नोल्ड श्वार्ज़नेगर, हेनरी कैविल, गैल गैडोट और अधिक हस्तियों के नाम इस लिस्ट में शामिल है. यह आयोजन 16 जून से 18 जून तक होना है.करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह के साथ आलिया नजर आएंगी. यह फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है.

# एकता कपूर का कहानी घर घर की फिर होगा टेलीकास्ट, फैंस हुए खुश

बीते दिन एकता कपूर ने अपना जन्मदिन मनाया. एकता कपूर को टीवी इंडस्ट्री की क्वीन भी माना जाता है. एकता ने एक न्रिमाता के तौर पर टेलीविजन इंडस्ट्री को कई सारे हिट शोज दिए हैं. उन्हीं में से एक एक्ट्रेस साक्षी तंवर के लीड रोल वाला शो कहानी घर घर की. इस शो ने अपने समय में टीआरपी चार्ट पर राज किया और शो के सभी किरदार घर–घर में मशहूर हो गए. किरण कर्मकार और साक्षी तंवर ने शो में मुख्य भूमिकाएँ निभाई थी. इस शो ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और यह उन शोज में से था जो आठ साल तक चला था. इस शो को दर्शकों से अपार प्यार और तारीफें भी मिली.

आपको बता दें कि, इस शो में साक्षी तंवर को पार्वती के रूप में पसंद किया गया और सराहा भी गया. दर्शकों ने खुद को पार्वती से जोड़ा. एकता कपूर डेली सोप की रानी हैं और उन्होंने जो शो किए, उन्होंने पूरे देश के परिवारों को एक साथ मिला दिया और कहानी घर घर की इसका एक उदाहरण है. साथ ही आज हम कहानी घर घर की के फैंस के लिए एक खुशखबरी लेकर आए हैं. बता दें कि, इस शो का स्टार प्लस में दोबारा से टेलिकास्ट किया जा रहा है. स्टारप्लस अपने दर्शकों को दिलचस्प कंटेंट देने के लिए जाना जाता है. यह कहना सही होगा कि यह चैनल, विशेष रूप से, एक ऐसा केंद्र है जहां दर्शक अनुपमा, ये रिश्ता क्या कहलाता है, तेरी मेरी डोरियां, इमली और जैसे शोज को देखना पंसद करते हैं.

यही नहीं, स्टारप्लस ने हमेशा अपने दर्शकों को अपनी कहानी के प्लॉट के साथ टेलीविजन स्क्रीन से जोड़े रखना पक्का किया है. स्टारप्लस के शोज में फीमेल लीड शोज को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जाता है.

# आई विंक से रातों–रात मशहूर हुई थीं प्रिया प्रकाश, अब बताया कहां से आया आइडिया

प्रिया प्रकाश वारियर निर्देशक ओमर लूलू की फिल्म ओरु अदार लव में आंख मारने वाले सीन से रातोंरात फेमस हो गई थी. दस सेकंड के इस क्लिप में उन्होंने आंखों के इशारों से यंगस्टर्स को अपना दीवाना बना दिया था. वह इतनी लोकप्रिय हो गई थी कि फिल्म में माणिक्य मलाराया पूवी गाने में उनके प्रदर्शन के बाद उन्हें विंक ब्यूटी के रूप में जाना जाने लगा. अब, कई सालों के बाद एक्ट्रेस ने बताया कि ये विंक मारने वाला आइडिया किसका था. एक्ट्रेस ने दावा किया कि फिल्म के लिए आंख मारने का आइडिया उन्होंने ही दिया था. ये बात सुनकर फिल्म के निर्देशक ने उनके दावों को गलत करार दिया और उनकी याददाश्त का मज़ाक



उड़ाया है. उमर लुलु ने इंस्टाग्राम पर प्रिया प्रकाश वारियर की अलग अलग इंटरव्यू की एक क्लिप शेयर की, जो उनके अभी के बयान से अलग है. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर उन्हें खरी–खोटी सुनाई और लिखा, बेचारा बच्चा 5 साल के लिए भूल गया होगा. इसके बाद डायरेक्टर ने उन्हें मेमोरी लॉस के लिए मेडिसन भी दी.

उन्होंने अच्छी याददाश्त के लिए सुझाई गई दवाओं में से एक पोस्ट ये भी लिखा और कहा, यह मेरी फिल्म में आया और कई लोगों को डेडिकेटिड है, जिन्होंने बाद में अपनी याददाश्त खो दी. निर्देशक ने सुझाव दिया कि प्रिया को अच्छी याददाश्त के लिए आयुर्वेदिक दवा वल्लयचंदानादी लेनी चाहिए, और कहा कि यह विंक वाला उनका खुद का आइडिया था ये बात उन्होंने पांच साल पहले किसी इंटरव्यू में भी बोली थी.

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com